# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025







# गांव पहुंची बीपी-शुगर जैसी शहरी बीमारी, रायपुर में 35 हजार नए पीड़ित खोजे गए, इनमें आधे गांव के मेहनतकश!

**युवा भी आ रहे चपेट में जीवनशैली है बड़ी वजह बदलाव की जरूरत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहरी इलाकों के साथ अब उच्च रक्तचाप और मधुमेह की शिकायत ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ने लगी है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से रायपुर जिले में ही 91566 बीपी और 49239 शुगर के मरीजों यानी कुल 1.40 लाख लोगों का उपचार चल रहा है। विभागीय स्तर पर 40 दिनों तक चलाए गए अभियान के दौरान दोनों बीमारियों के 35 हजार से अधिक पीड़ितों को खोजा गया था।

चिकित्सकों की मानें तो बीपी-शुगर की समस्या अब लाइफस्टाइल में शामिल होने वाली बीमारी बन चुकी है, मगर दोनों तरह की दिक्कतों को अगर नजरअंदाज किया गया तो इसका दुष्परिणाम हो सकता है। दोनों परेशानियों को संयमित जीवनचर्या और आवश्यक दवाओं के उपयोग से नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसी उद्देश्य से पिछले दिनों ▶▶|शेष पेज 6 पर

## रायपुर जिले में अभी करीब डेढ़ लाख का सरकारी अस्पतालों में चल रहा इलाज, प्राइवेट का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा

### 30 साल से अधिक उम्र वालों की जांच

स्वास्थ्य केंद्रों में चलाए 40 दिन के जांच अभियान के दौरान ओपीडी में आने वाले 30 साल से अधिक आयु वाले मरीजों की जांच की गई थी। पीएचसी स्तर के चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि इस आयुसीमा वाले तमाम मरीजों की अन्य बीमारियों के साथ उनके बीपी-शुगर की जांच की जाए। अगर वे पीड़ित मिलते हैं तो उन्हें आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के साथ उपचार की प्रक्रिया में शामिल किया जाए।



### फिजिकल एक्टिविटी और नशे की लत प्रमुख कारण

चिकित्सकों के मुताबिक, दोनों तरह की समस्या बढ़ने की मुख्य वजह फिजिकल एक्टिविटी में कमी आना है। इसके अलावा अनियमित जीवनशैली के साथ मानसिक अवसाद भी इसका बड़ा कारण है। इसके अलावा नशे की लत के कारण भी दोनों तरह की बीमारियां शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में भी पैर पसार रही हैं। इन्हें नियंत्रित करने के लिए बुरी आदतों से दूर रहने के साथ खानपान को भी नियंत्रित करना आवश्यक है।

### शुरुआती दौर में नियंत्रण ही उद्देश्य

बीपी-शुगर की समस्या का अगर शुरुआती दौर में पता चल जाए तो इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर जांच अभियान चलाया गया। जो पीड़ित सामने आए हैं, उन्हें आवश्यकता के अनुसार उपचार दिया जा रहा है।

\- डॉ. मिथिलेश चौधरी
सीएमएचओ रायपुर

### प्रत्येक मरीज के बीपी की जांच

अपनी किसी भी तरह की समस्या के इलाज के लिए प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाल मरीजों की अनिवार्य रूप से ब्लडप्रेशर जांच करने के निर्देश चिकित्सकीय स्टाफ को दिए गए हैं। उन्हें इस बात की हिदायत भी दी गई है जांच में अनियमितता पाए जाने पर मरीज को इसकी जानकारी देकर आवश्यक चिकित्सकीय सलाह भी उपलब्ध कराई जाए।

---

छत्तीसगढ़ में 8 साल में धान का उत्पादन 70 फीसदी बढ़ा, दलहन और तिलहन का घटा

# धान से धन्य छत्तीसगढ़, पर दलहन की दाल नहीं गली, तिलहन का निकला तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की खेती-किसानी में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव सामने आया है। राज्य में पिछले 8 साल की ही बात करें तो धान का उत्पादन करीब 70 फीसदी बढ़ा है, लेकिन इसी अवधि में दलहन और तिलहन के उत्पादन में बड़ी कमी आई है। हालांकि इस बीच राज्य सरकार ने किसानों को धान की जगह अन्य फसलों जैसे दलहन-तिलहन उगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया, लेकिन इसका प्रभाव कम ही नजर आ रहा है।

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2015 से लेकर 2023-24 तक की स्थिति में प्रमुख फसलों के उत्पादन के आंकड़ों से खेती-किसानी में आए बदलाव और खासकर दलहन-तिलहन के उत्पादन में कमी की कहानी साफ हो जाती है। राज्य में मोटे तौर पर देखा जाए तो यहां किसान खरीफ के सीजन में धान की खेती को सबसे ज्यादा उपयुक्त मानते हैं। वजह ये है कि यहां मानसून सीजन में होने वाली अच्छी बारिश धान के लिए बेहद अनुकूल है, लेकिन इससे भी बड़ी ▶▶|शेष पेज 6 पर

**तुअर दाल, उड़द में कमी, मूंग-मोठ का और बुरा हाल**

**रामतिल सोयाबीन और अलसी की पैदावार भी घटी**

### उत्पादन में कमी के ये कारण

**सिंचाई सुविधाओं की कमी:** राज्य में करीब 35% कृषि भूमि पर ही सिंचाई सुविधा उपलब्ध है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

**नए कीट और रोग :** अरहर और सोयाबीन जैसी फसलों में नए कीटों और रोगों का ▶▶|शेष पेज 6 पर



### लगातार घट रहा उत्पादन

छत्तीसगढ़ में एक तरफ जहां धान की खेती में इजाफा हो रहा है, वहीं दूसरी ओर दलहन और तिलहन का उत्पादन लगातार कम होता दिख रहा है। दलहन में चना, तुअर, उड़द, मूंग-मोठ, कुल्थी और लाखड़ी (तिवरा) आता है। इसी प्रकार तिलहन में मूंगफली, रामतिल, तिल, सोयाबीन, अलसी और राई सरसों का उत्पादन होता ▶▶|शेष पेज 6 पर

**दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता का संकल्प**

खरीफ 2024-25 के तहत केंद्र सरकार ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत 9 राज्यों आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में 13.22 लाख मीट्रिक टन तुअर की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। नाफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तुअर की खरीद की जा रही है। देश में मार्च, 2025 तक 1,71,569 किसानों से कुल ▶▶|शेष पेज 6 पर

**उत्पादन में आई इतनी कमी**

छत्तीसगढ़ में अगर दलहन की उपज का हिसाब देखें तो चने का उत्पादन 2015-16 में 218.8 हजार मीट्रिक टन था, जो 2013-24 में घटकर 209.17 हजार मीट्रिक टन रह गया। तुअर दाल जो 8 साल पहले 30.6 हजार मीट्रिक टन हो रही थी, वह 20.63 पर आ गई है। इसी तरह उड़द 2015-16 में 28.91 के स्तर पर थी, वह 25.17 पर आई है। मूंग मोठ का और बुरा हाल है। यह 8 साल पहले 6.56 के स्तर पर थी, जो अब यानी 2023-24 आने तक 1.29 हजार मीट्रिक टन पर आ गई है। कुल्थी 15.09 से घटकर 6.56, लाख तिवरा 192.1 पर था, जो 8 साल बाद 93.4 पर आ पहुंचा है। इसी प्रकार तिलहन की बात करें तो 2015-16 के मुकाबले 2023-24 तक इसके उत्पादन में भी कमी दिखती है। मूंगफली जो 2015-16 में 37.25 हजार मीट्रिक टन उत्पादन दे रही थी, वह 2023-24 में कम होकर 31.65 पर आ पंहुची। रामतिल 10.24 से घटकर 3.85, तिल 6.82 से 5.2, सोयाबीन 40.12 से घटकर 25.56, अलसी 9.45 से घटकर 3.68 और राई सरसों जो 2015-16 में 25.96 हजार मीट्रिक टन पैदा हुई थी वह 2023-24 में कम होकर 14.41 पर आ गई।

---

# 10 एसपी सहित 20 आईपीएस के तबादले सरगुजा और राजनांदगांव आईजी बदले गए

**पवन देव को अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक छग पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन का जिम्मा**



दीपक झा — आईजी, सरगुजा | अभिषेक शांडिल्य — आईजी, राजनांदगांव | अजातशत्रु — डीआईजी, गुप्तवार्ता | विजय अग्रवाल — एसपी, दुर्ग

### अजातशत्रु को बनाया गया डीआईजी गुप्तवार्ता

आईपीएस अजातशत्रु बहादुर सिंह निदेशक, ट्रेनिंग ऑपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं को पुलिस उप महानिरीक्षक, गुप्तवार्ता, विशेष शाखा बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आईएएस अफसरों के बाद सरकार ने राज्य के कई आईपीएस अफसरों की अदला-बदली की है। रविवार को जारी तबादला सूची में 20 आईपीएस अधिकारियों के नाम हैं। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में पांच आईजी, एक डीआईजी और 10 जिलों के पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। सरगुजा और राजनांदगांव रेंज के आईजी भी बदले गए हैं। दीपक झा को सरगुजा और अभिषेक शांडिल्य को राजनांदगांव रेंज का आईजी बनाया गया है।

पवन देव प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन, रायपुर को अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक, छग पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। अंकित कुमार गर्ग पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज को पुलिस महानिरीक्षक, एसआईबी, पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। दीपक कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज को पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज भेजा गया है। अभिषेक शांडिल्य पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, विशेष शाखा को पुलिस महानिरीक्षक, ▶▶|शेष पेज 6 पर

**■ अभिषेक राजनांदगांव और दीपक सरगुजा आईजी होंगे**

### राजेश सरगुजा, विजय दुर्ग एसपी

| अफसर | - | नई पदस्थापना |
|---|---|---|
| विवेक शुक्ला | - | एआईजी, सीआईडी, पीएचक्यू |
| राजेश कुमार अग्रवाल | - | पुलिस अधीक्षक, सरगुजा |
| विजय अग्रवाल | - | पुलिस अधीक्षक, दुर्ग |
| जितेन्द्र शुक्ला | - | सेनानी, 5वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर |
| भावना गुप्ता | - | पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार-भाटापारा |
| सूरज सिंह | - | पुलिस अधीक्षक, धमतरी |
| त्रिलोक बंसल | - | पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ, बघेरा |
| लक्ष्य शर्मा | - | पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़ छुईखदान-गंडई |
| अंजनेय वार्नेय | - | पुलिस अधीक्षक, सारंगढ़-बिलाईगढ़ |
| पुष्कर शर्मा | - | सेनानी, वीआईपी वाहिनी, माना |
| योगेश कुमार पटेल | - | पुलिस अधीक्षक, बालोद |
| एसआर भगत | - | पुलिस अधीक्षक, गौरेला पेंड्रा मरवाही |
| विजय पाण्डे | - | पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा |

---

**INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड**

पंजाब 157/6 VS बेंगलुरु 159/3

7 विकेट से जीता बेंगलुरु

73* रन : विराट कोहली
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

गुजरात VS कोलकाता

समय : शाम 7.30 बजे

### चीता प्रभाष-पावक को मिला नया घर

**भोपाल।** कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो साल पहले स्थानांतरित किए गए दक्षिण अफ्रीका के दो चीतों 'प्रभाष' और 'पावक' को तब नया ठिकाना मिला, जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन्हें गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ दिया। मूल रूप से फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए ये चीते सड़क मार्ग के जरिए गांधी सागर अभयारण्य लाए गए।

# फर्जी डॉक्टर नरेंद्र और अपोलो अस्पताल प्रबंधन पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

■ धोखाधड़ी, गैर इरादतन हत्या, जाली दस्तावेजों पर चलेगा मामला

■ आईपीसी की धारा 420 , 465, 466, 468, 471 , 304 और 34 के तहत मामला दर्ज किया

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल की वर्ष 2006 में हुई मौत के मामले में बिलासपुर की सरकंडा पुलिस ने फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जॉन कैम और अपोलो अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि राजेंद्र प्रसाद शुक्ल अविभाजित मध्यप्रदेश में विधानसभा अध्यक्ष थे। पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 465, 466, 468, 471 (फर्जी दस्तावेज बनाना और उपयोग करना), 304 (गैर इरादतन हत्या), और 34 (साझा आपराधिक इरादा) के तहत मामला दर्ज किया है। दरअसल डॉ. प्रदीप शुक्ला, जो कि स्वर्गीय राजेन्द्र शुक्ल के पुत्र हैं, ने सरकंडा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि फर्जी डिग्री पर डॉक्टर ने इलाज किया, जिससे उनके पिता की जान चली गई। यह मामला ▶▶|शेष पेज 6 पर




'डॉक्टर' की डिग्री में पूर्व उपराष्ट्रपति के फर्जी हस्ताक्षर, बिलासपुर अपोलो को नोटिस

### अपोलो ने कहा- 20 साल पुराना दस्तावेज उपलब्ध नहीं

यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम का गठन किया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रमोद तिवारी ने अपोलो अस्पताल को नोटिस भेजकर डा. यादव के वहां रहने के बारे में कई सवाल पूछे हैं। नोटिस के जरिए सीएमएचओ ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

### एंजियोप्लास्टी से लेकर जटिल ऑपरेशन करता रहा

ध्यान रहे कि वर्ष 2006 में डॉ. नरेंद्र जॉन केम उर्फ नरेंद्र विक्रमादित्य यादव ने बिलासपुर अपोलो में बतौर कार्डियोलॉजिस्ट ज्वाइन किया था। इस दौरान अपोलो अस्पताल प्रबंधन ने उसे लंदन रिटर्न अनुभवी व स्पेशलिस्ट बताकर जमकर पैसे कमाए। इस दौरान वह मरीजों का एंजियोप्लास्टी सर्जरी से लेकर जटिल ऑपरेशन करता रहा। इसमें पूर्व विधानसभा ▶▶|शेष पेज 6 पर

# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या, हिरासत में पत्नी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु



■ घटना के वक्त घर पर थीं पत्नी-बेटी

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक ओम प्रकाश की रविवार को उनके बेंगलुरु स्थित आवास पर हत्या कर दी गई। 1981 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रहे ओम प्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में घर के अंदर मिला। शुरुआती जांच में पुलिस को हत्या की आशंका है। शक की सुई उनकी पत्नी पर घूम रही है। घटना के वक्त पत्नी और बेटी घर में मौजूद थीं। पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने कहा, कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश, 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी की बेंगलुरु के एचएसआर लेआउट में हत्या कर दी गई। घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त पत्नी और बेटी लिविंग रूम में थीं, जबकि ओमप्रकाश की लाश अंदर पड़ी थी। फिलहाल पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घटना के पीछे घरेलू विवाद या मानसिक तनाव की संभावना को भी नकारा नहीं जा रहा है।




20- APR- K&C- MAIN- Pg- 2 HAMAR PRADESH_Layout 1 4/20/2025 11:46 PM Page 1





## दोनों परिवार सदमे में

# तीन दिन पहले भांजी की मौत, तिजनहावन में आया मामा तालाब में डूबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भांजी की तीन दिन पहले कुएं में डूबने से हुई मौत के शोक कार्यक्रम में पहुंचे मामा की तिजनहावन के दौरान तालाब में डूबने से आज मौत हो गई। कुछ दिनों में ही परिवार के दो लोगो के चले जाने पर परिवार में शोक है, ग्रामीण भी सकते हैं।

गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम खलारी में योग्यता साहू उम्र 12 वर्ष की बुधवार को कुएं में डूबने से मौत हो गई थी। योगिता के अंतिम संस्कार के बाद घर में शोक कार्यक्रम चल रहा था। भांजी के शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कठिया गांव में रहने वाले मामा तोमेश्वर साहू उम्र 30 वर्ष खल्लारी गांव पहुंचे थे। रविवार की सुबह नहाने के दौरान वे तालाब में डूब गए, जिससे उनकी मौत गई। इस घटना के बाद बालोद पुलिस ने तोमेश्वर साहू के शव को कब्जे में ले लिया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है, पुलिस आगे की जांच कर रही है।





### नहाने के दौरान पानी में समा गया मामा

बताया जा रहा है कि जिस जगह तुमेश्वर डूबे, वहां पानी ज्यादा गहरा नहीं था। उसी स्थान पर बच्चे और गांव के अन्य लोग भी नहा रहे थे। नहाने के लिए उन्होंने पहले साबुन लगाया और फिर पानी में उतर गए, लेकिन वापस नहीं निकले। कुछ देर बाद जब गांव का एक बच्चा नहाने अंदर गया तो उसे पानी के भीतर कुछ अजीब महसूस हुआ। इसके बाद पास में नहा रहे लोगों ने लकड़ी से तलाशी ली तब जाकर तुमेश्वर का शव पानी में मिला।

### तीन दिन पहले कुएं में डूब गई थी भांजी

मृतक तुमेश्वर साहू की भांजी योग्यता साहू अपने घर के बाड़ी में स्थित कुएं में 16 अप्रैल को नहाने गई थी। कुएं में बाल्टी खींचते हुए सीधे नीचे जा गिरी। परिजनों ने उसे करीब दो घंटे बाद कुएं से बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।



### बाहर निकाला तो सांसे चलने लगी थी, रास्ते मे हो गई मौत

ग्रामीणों ने जब तुमेश्वर को तालाब से बाहर निकाला और उनके पेट से पानी निकालने की कोशिश की गई। कुछ ही मिनट पानी में डूबे होने के कारण उसकी सांसें कुछ समय के लिए लौट आई थीं। जिससे लोगों को उम्मीद थी कि वे बच जाएंगे। ग्रामीण तत्काल उसे अस्पताल ले जाने निकले लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ती चली गई। गुंडरदेही अस्पताल पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

## खबर संक्षेप

### सुनील होंगे प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स




**रायपुर।** छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश आयकर विभाग में पदस्थ प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर, डायरेक्टर स्तर के अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) नई दिल्ली ने स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स रायपुर वन प्रदीप कुमार हेडाऊ को पदोन्नत कर चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स इंदौर, प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स (इन्वेस्टीगेशन) रायपुर सुनील कुमार सिंह को प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स वन रायपुर, कोलाकलूरी रवि किरन को प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ इनकम टैक्स ( इनवेस्टीगेशन) कमिश्नर इनकम टैक्स अपील रायपुर के श्रवण कुमार मीना को जबलपुर स्थानांतरित किया गया है। साथ ही राम तिवारी को कमिश्नर इनकम टैक्स अपील रायपुर बनाया गया है।

### ईओडब्ल्यू ने जिग्नेश को पूछताछ के बाद छोड़ा

**रायपुर।** 90 करोड़ रुपए से ज्यादा डीएमएफ घोटाला मामले में हिरासत में लिए गए पूर्व कनाडाई नागरिक मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी जिग्नेश पटेल को पूछताछ के बाद ईओडब्ल्यू ने छोड़ दिया है। साथ ही उन्हें पूछताछ के लिए दोबारा बुलाए जाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हिदायत दी है। जिग्नेश रानू साहू का करीबी बताया जा रहा है, इस वजह से ईओडब्ल्यू ने उसे पूछताछ के लिए तलब किया था। जिग्नेश से ईओडब्ल्यू की टीम ने शुक्रवार को करीब आठ घंटे तक पूछताछ की।

### आठ साल से धोखाधड़ी का फ़रार आरोपी बैंक मैनेजर औरंगाबाद से गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के फरसाबहार शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अनुराग दास 60 वर्ष द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दो ग्रामीणों गांझू राम नागवंशी, दिल साय नाग दोनों निवासी ग्राम कुकरीचोली थाना बागबहार के नाम पर आठ साल पहले फर्जी तरीके से लोन निकलकर पैसों का गबन किया गया था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी बैंक मैनेजर के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। प्रार्थी द्वारा पुलिस को शिकायत मिली थी कि जनक यादव, निवासी माटी पहाड़, गंगा यादव निवासी कुकरी चोली, पीताम्बर यादव निवासी छाता सराई , दनार्दन यादव निवासी छाता सराई, मुरली धर यादव निवासी छाता सराई के द्वारा प्रार्थी गांझू राम नागवंशी से वर्ष 2013-14 में राशन कार्ड में बीस हजार सरकारी पैसा मिल रहा है। बोलकर उसके राशन कार्ड व वोटर आईडी कार्ड को ले लिया गया था, तात्कालीन बैंक मैनेजर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बागबहार, अनुराग दास के साथ मिलकर, फर्जी दस्तावेज तैयार कर, केसीसी ऋण 3 लाख 10 हजार रुपए को स्वीकृत कराकर, प्रार्थी गांझू राम नागवंशी को सरकारी पैसा बीस हजार मिल रहा कहकर दस्तावेजों में अंगूठा लगवा लिया।

## वक्फ बोर्ड बिल को लेकर चलाए जाने वाले जनजागरण अभियान को लेकर बनेगी रणनीति

# 25 को भाजपा की बड़ी कार्यशाला, आएंगे राष्ट्रीय महामंत्री, सीएम-मंत्रिमंडल भी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया है। इस अभियान को प्रारंभ करने से पहले सभी राज्यों में राज्य संगठनों की कार्यशाला की जा रही है। छत्तीसगढ़ में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में 25 अप्रैल को प्रदेश स्तर की बड़ी कार्यशाला होगी। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और जनजागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी दुष्यंत गौतम आएंगे, जो बताएंगे कि जनजागरण अभियान में क्या-क्या करना है।**


इस कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक, सांसद और प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि रहेंगे।

खास खबर

वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्यसभा में पास होने तथा राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद अब यह कानून बन गया है, लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी चला गया है। इधर इसका विरोध भी हो रहा है। ऐसे में अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि देश के हर राज्य में इस बिल के संबंध में जनजागरण अभियान चलाया जाए। इसके लिए 25 अप्रैल से जनजागरण अभियान चलाने का फैसला किया गया है। इसके पहले सभी राज्य में कार्यशाला की जाएगी और बताया जाएगा कि जनजागरण अभियान में क्या करना है।

### कार्यशाला में बनेगी रणनीति

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे से होने वाली कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश के सभी पदाधिकारी, कोर कमेटी, सभी सांसद, विधायक, नगर निगमों के महापौर, सभापति, नगरपालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायतों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, सभी जनप्रतिनिधि, सभी जिला अध्यक्ष, जिले-संभाग के प्रभारी, मोर्चा के अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के संयोजक, जनजागरण अभियान के लिए बनाई गई समिति के सदस्य शामिल होंगे। कार्यशाला में यह रणनीति तय होगी कि किस तरह से मुस्लिम समुदाय के घर-घर जाकर वक्फ बिल के बारे में जानकारी देनी है और बताना है कि यह मुस्लिम समुदाय के लिए कितना फायदेमंद है। पहले जनजागरण का आयोजन जिलास्तर पर होगा, इसके बाद मंडलों में भी कार्यक्रम होंगे।




### अमित शाह लेंगे आज दिल्ली में बैठक, सीएम साय और डिप्टी सीएम शर्मा भी होंगे शामिल

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को दिल्ली में अपने विभागों की बैठक लेने वाले हैं। बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी बुलाया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ ही डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी बैठक में शामिल होने रविवार रात यहां से रवाना होकर दिल्ली पहुंच गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बैठक में नक्सलवाद को लेकर भी रणनीति बनेगी। केंद्रीय गृहमंत्री पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि अगले साल मार्च तक देश से नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह के नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के ऐलान के बाद प्रदेश में लगातार नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस अभियान से नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं। उनकी तरफ से लगातार शांति वार्ता के लिए पत्र आ रहे हैं। हालांकि अब तक इस पर सरकार की तरफ से कोई फैसला नहीं किया गया है। अमित शाह साफ कह चुके हैं, नक्सली पहले हथियार छोड़कर समर्पण करें।



#### बैठक में सहकारिता विभाग पर भी चर्चा

श्री शाह की बैठक में जहां राज्यों की कानून व्यवस्था पर बात होगी, वहीं नक्सलवाद पर भी चर्चा होगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के साथ उन राज्यों के भी मुख्यमंत्री रहेंगे, जिन राज्यों में नक्सलवाद है। इसी के साथ बैठक में श्री शाह के एक और विभाग सहकारिता पर भी चर्चा होगी। इनको लेकर भी राज्यों को मार्गदर्शन और निर्देश मिलेंगे कि क्या करना है।

## बोर्ड कक्षाओं की कॉपियां जंची, एक साथ जारी होंगे 10वीं-12वीं के नतीजे, इसके पूर्व 5वीं-8वीं के रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेशभर में 36 केंद्रों में जारी दसवीं-बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन लगभग पूर्ण हो चुका है। इनके परीक्षा परिणाम 15 मई के पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कर दिए जाएंगे। अंदरुनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माशिम इस बार भी पुरानी परंपरा को कायम रखने की तैयारी में है। अर्थात इस बार भी दोनों कक्षाओं के परिणाम एक साथ ही घोषित होंगे। पूर्व में माशिम द्वारा दोनों कक्षाओं के नतीजे पृथक-पृथक रूप से जारी किए जाते थे, लेकिन विगत कई वर्षों से दोनों कक्षाओं के परिणाम एक ही दिन घोषित किए जा रहे हैं। परिणाम जारी होने की निश्चित तिथि की घोषणा भी माशिम द्वारा शीघ्र ही कर दी जाएगी। दूसरी ओर पांचवीं-आठवीं कक्षाओं की मूल्यांकन संबंधित प्रक्रिया भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। इनके परिणाम 30 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। 14 वर्ष पश्चात जिला स्तर पर हुई केंद्रीकृत परीक्षा के परिणाम विद्यालय स्तर पर जारी होंगे। इन कक्षाओं में मेरिट लिस्ट जारी नहीं होगा। फेल छात्रों को दोबारा मौका भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

जारी किए गए आदेश के अनुसार, छात्रों को अंकसूची भी 30 अप्रैल को ही प्रदान कर दी जाएगी। पं.दीनदयाल उपाध्याय मेधावी सम्मान योजना के अंतर्गत छात्रों को नगद राशि दी जाती रही है। यह सम्मान योजना इस वर्ष भी जारी रहेगी। वहीं हेलीकॉप्टर राइडिंग पर संशय बना हुआ है। कांग्रेस शासनकाल में यह योजना प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री के साथ हेलीकॉप्टर भ्रमण का अवसर प्रदान किया जाता था।


## प्रदेश से हर साल जाते हैं सैकड़ों छात्र

# विदेशों में एमबीबीएस आसान, एफएमजी की परीक्षा कठिन, पहले प्रयास में फेल हो जाते हैं 80 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यूक्रेन, रूस सहित दूसरे देशों में जाकर एमबीबीएस की पढ़ाई तो आसान है, मगर वापसी के लिए ली जाने वाली फॉरेन मेडिकल ग्रेज्युएट एक्जाम यानी एफएमजी की परीक्षा बेहद कठिन है। साढ़े पांच से छह साल की पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र की पहले प्रयास में सफलता की दर महज 20 फीसदी है। यानी एफएमजी एक्जाम में 80 फीसदी पहली बार में फेल हो जाते हैं। उल्लेखनीय है कि नीट की परीक्षा में सफल होने के बाद भी राज्य के मेडिकल कालेज में प्रवेश नहीं पाने वाले सैकड़ों छात्र हर साल पढ़ाई के लिए दूसरे देशों का रुख करते हैं।

हाल में प्रदेश के 13 चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्नशिप के लिए 223 छात्रों को अनुमति मिली है, जिसमें से दर्जनभर एमएमजी छात्र दूसरे राज्यों से संबंधित हैं। चिकित्सा की पढ़ाई के लिए राज्य में काफी आकर्षण है और हर साल 40 हजार से ज्यादा विद्यार्थी नीट में शामिल होते हैं और 50 फीसदी पास होते हैं।



### किर्गिस्तान, रूस ज्यादा लोकप्रिय

सूत्रों के मुताबिक छत्तीसगढ़ समेत पूरे भारत से एमबीबीएस की पढ़ाई करने लिये छात्र दूसरे देश जाते हैं। सबसे ज्यादा लोकप्रिय देशों रशिया, किर्गिस्तान, फिलीपींस, चीन, जार्जिया, नेपाल, कजाकिस्तान और बेलारूस जैसे देश हैं। इसके अलावा आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके, यूएसएस और न्यूजीलैंड भी जाते हैं, मगर इनकी संख्या एक-दो से अधिक नहीं होती।

### कई कालेजों में एफएमजी टेस्ट की तैयारी

*सूत्रों के मुताबिक इंटर्नशिप के लिए होने वाला एफएमजी टेस्ट काफी कठिन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए कई कालेजों में इस परीक्षा के लिए शुरुआती साल से ही तैयारी शुरू कराई जाती है। किर्गिस्तान के मेडिकल कालेजों में यह प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसका फायदा भी चिकित्सा छात्रों को मिलता है और उनकी सफलता की दर अधिक होती है।*

### सौ में केवल 20 विद्यार्थी सफल

आर्थिक रूप से संपन्न सौ से सवा सौ विद्यार्थी विभिन्न देशों में जाकर डाक्टरी की पढ़ाई करते हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक वहां के कालेजों में साढ़े पांच से छह साल की फीस 30 से 35 लाख है। अन्य सुविधाओं पर होने वाले खर्च को मिलाकर राशि 40 से 45 लाख तक पहुंच जाती है। वहां की पढ़ाई तो आसानी से पूरी हो जाती है, मगर असली परीक्षा एफएमजी टेस्ट होता है, जो राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा साल में दो बार जून और दिसंबर में ली जाती है। परीक्षा इतनी कठिन होती है कि पहले प्रयास में सौ में केवल 20 विद्यार्थी सफल होते हैं।

### डाक्टर बनने इंटर्नशिप जरूरी

*विदेश में पढ़ाई करने वाले चिकित्सा छात्रों में देश के मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करना जरूरी होता है। इसके लिए बाकायदा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग की जाती है। राज्य में एफएमजी विद्यार्थियों के लिए करीब 5 सौ सीटें हैं। इस अवधि के दौरान उन्हें स्टाइपेंड भी दिया जाता है। इंटर्नशिप पूरा होने के बाद ही उनका मेडिकल काउंसिल में पंजीयन किया जाता है।*

## विधायक के पीएसओ ने गोली मारकर की आत्महत्या

**भाटापारा।** विधायक इंद्र साव के पीएसओ डिगेश्वर गागड़ा ने रविवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। निजी सुरक्षा अधिकारी ने विधायक निवास के पास सरकारी आवास में आत्महत्या की जिससे सनसनी फैल गई। गागड़ी एक साला से उनकी सुरक्षा में तैनात थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी विजय अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि तीन राउंड बुलेट दिख रही है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस अधिकारी सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रहे हैं, जिसमें पारिवारिक कारण, मानसिक तनाव या किसी प्रकार का दबाव भी शामिल हो सकता है।



## जब्ती पर दर्ज करना होगा नोटों का सीरियल नंबर पशुओं की पहचान और गाड़ी का चेसिस नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है। इसके तहत किसी आपराधिक मामले से संबंधित संपत्ति को न्यायालय या मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की तिथि से 14 दिन की अवधि के भीतर उसका ब्योरा तैयार करना होगा। अगर करेंसी नोट हों तो नोटों का नंबर, पशु हो तो उसकी पहचान और वाहन हो तो उसका मॉडल, चेसिस नंबर और वाहन की स्थिति का ब्योरा भी संपत्ति के विवरण में शामिल किया जाएगा। इसी प्रकार किसी भी थाने में अगर कोई व्यक्ति गिरफ्तार किया जाता है तो उसके बारे में कई बिंदुओं के आधार पर जानकारी एक रजिस्टर में दर्ज करनी होगी।

राज्य सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 497 की उपधारा (1) में बताए अनुसार संपत्ति का विवरण तैयार किया जाएगा। यह काम न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष संपत्ति को प्रस्तुत करने की तारीख से 14 दिनों भीतर करना होगा। अगर कोई वाहन हो तो वाहन का प्रकार, मॉडल, वाहन का रंग, रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजिन और चेसिस नंबर, वाहन की स्थिति, वाहन की कोई पहचान या चिन्ह आदि का ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

### ये है संहिता का नियम

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 497 की उपधारा (1) संपत्ति के विवरण के बारे में बात करती है, जो किसी भी न्यायालय या मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश की जाती है। जब कोई संपत्ति जांच, पूछताछ या मुकदमे के दौरान किसी न्यायालय या मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत की जाती है तो न्यायालय या मजिस्ट्रेट मामला खत्म होने तक संपत्ति की उचित अभिरक्षा के लिए आवश्यक आदेश दे सकता है।

## बलरामपुर जिला मुख्यालय में हुई कार्रवाई, खनिज विभाग को नहीं लगी भनक

# बिना पिटपास के हो रहा गिट्टी का अवैध परिवहन, एसडीएम ने पकड़े 9 वाहन

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से गिट्टी परिवहन का कारोबार चल रहा है। तस्कर बेखौफ होकर बिना पिटपास और दस्तावेजों के गिट्टी का परिवहन व तस्करी कर रहे है। इस बात का खुलासा खुद प्रशासनिक कार्रवाई से हुआ है। बीती रात से भोर तक एसडीएम बलरामपुर ने जिला मुख्यालय में ही 9 वाहनों को जब्त कर खनिज विभाग के सुपुर्द किया है। वहीं इस कार्रवाई के बाद खनिज विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। ऐसा इस लिए क्यों कि तस्कर नगर के बीच से होकर अवैध परिवहन कर रहे है और सब कुछ जानते हुए भी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बता दें कि बलरामपुर जिला मुख्यालय के आस पास बड़े पैमाने पर अवैध क्रशर प्लांट संचालित हो रहे है और इन प्लांट से भारी मात्रा में गिट्टी का परिवहन भी अवैध रूप से किया जा रहा है। अवैध परिवहन को लेकर पूर्व में भी जिला प्रशासन द्वारा देर रात में कार्रवाई की गई थी लेकिन इस कार्रवाई के बाद तस्करों ने परिवहन का समय ही बदल दिया। ऐसे में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देश पर एसडीएम आनंद राम नेताम ने शनिवार की देर रात 3.30 बजे कार्रवाई शुरू की जो सुभ 7 बजे तक चली। इस दौरान कलेक्टोरेट के पास 2 वाहन, चांदो रोड के पास से 1 वाह, न्यू बस स्टैंड के पास 1 वाहन व पुराना बस स्टैंड के पास 5 वाहनों पर कार्रवाई की है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

हमने पूर्व में भी कार्रवाई की थी जिसके बाद तस्करी रुकी लेकिन बाद में उन्होंने परिवहन का समय बदल लिया। कलेक्टर के निर्देश पर देर रात से भोर तक अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई कर वाहनों को जब्त किया गया है। गिट्टी लोड वाहनों के पिटपास नहीं थे और वाहन ओवर लोड थे। आगे भी हमारी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**आनंद राम नेताम**
एसडीएम



### विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

सबसे बड़ी बात यह है कि अवैध खनिज के उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई करने का जिम्मा खनिज विभाग के पास है लेकिन खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यही वजह है कि तस्कर बेखौफ होकर नगर के बीच से खनिज का अवैध रूप से परिवहन कर रहे है और इससे शासन को राजस्व का करोड़ो रूपए का नुकसान हो रहा है। इधर खनिज विभाग हर बार कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाता है जबकि यदि वे अपनी इच्छा शक्ति से कार्रवाई करना चाहे तो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा भी उन्हें भरपूर सहयोग किया जाएगा लेकिन जिम्मेदारी अधिकारी बहाने बनाने में व्यस्त है।

बिलासपुर

सोमवार, 21 अप्रैल 2025

वैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी

वर्ष : 25, अंक : 30

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4 .00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 42.9

न्यून. 28.2

# नक्सलियों के गढ़ में घुसी बसें, पहली बार चार नए रास्तों पर चार गाड़ियां, इनमें हिड़मा का गांव भी

### खूंखार नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव पूवर्ती, सिलगेर, कोंडापल्ली जाने टैक्सी नहीं थी, लोग बाइक या फिर पैदल ही करते थे आना-जाना

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग में एक वक्त वह भी था, जब दूरुस्थ गांव में नक्सली दहशत के कारण लोगों के पैर पूवर्ती, सिलगेर, कोंडापल्ली जैसे इलाके में जाने की सोचने से भी कांपने लगते थे। लेकिन समय के साथ साथ लगातार बढ़ती शासन-प्रशासन की कार्रवाई के कारण अब ऐसे गांव तक यात्री बसों का आना-जाना शुरू हो गया है। जिससे लोगों का गांव से जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचना आसान हुआ है। यहां चार मार्ग ऐसे हैं, जहां पहली बार बसों का आना-जाना शुरू हो पाया है। इनमें एक मार्ग नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती भी शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि खूंखार नक्सली हिड़मा का पैतृक गांव पूवर्ती, सिलगेर, कोंडापल्ली जैसे गांवों में जाने के लिए टैक्सी भी नहीं थी, लोग बाइक या फिर पैदल ही आवाजाही किया करते थे, पर अब सुरक्षाबलों के कैंप होने से सड़क का निर्माण किया जा रहा है और ऐसे गांवों तक यात्री बसें चल रही हैं। यात्री बसों के आने-जाने ⏭ शेष पेज 6 पर

### प्रशासन के निर्देश पर शुरू यात्री बस

परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर जिस सड़क में बस नहीं, वहां बस की सुविधा दी जा रही है।



### यहां चल रही 4 बसें

बताया जा रहा है कि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिला मुख्यालय से पुरम से पूवर्ती, दोरनापाल-जगरगुंडा, सिलगेर से बासागुड़ा साथ ही बीजापुर जिले के बासागुड़ा से सिलगेर तक एक-एक यात्री बसों चल रही है। इन सड़कों पर पहली बार यात्री बसों का आवागमन शुरू हुआ, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली।



### बदल रहा सफर का माहौल

पहले लोगों को तेलंगाना या फिर दंतेवाड़ा, गीदम से जाना पड़ता था, लेकिन अब दोरनापाल से जगरगुंडा, किष्टारम, पूवर्ती, पुरम से पूवर्ती, कोंडापल्ली, जिदपल्ली, पामेड़, उसूर, पुजारीकांकेर, सिलगेर, पूवर्ती, कोंडापल्ली तक एवं तर्रेम तक यात्री बस से आवागमन हो रहा है। हिड़मा के गांव तक 189 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य सीमा सड़क संगठन की ओर किया जा रहा है। जिससे सुकमा एवं बीजापुर जिले को जोड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के सीई, एसई ने हाल ही में दोरनापाल से जगरगुंडा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

### सड़क निर्माण कार्य जारी

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि दोरनापाल से जगरगुंडा 58 किमी एवं सिलगेर से बासागुड़ा 80 किमी तक सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण होने से लोगों का आवागमन आसानी से हो सकेगा।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कामी रीता तोड़ेंगे अपना ही रिकॉर्ड

**काठमांडू।** दुनिया के सबसे प्रख्यात पर्वतारोहण मार्गदर्शकों में शामिल एक गाइड 31वीं बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने का प्रयास करेंगे।



संभवतः वह 32वीं बार भी ऐसा करें और खुद का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। कामी रीता (55) रविवार को काठमांडू से माउंट एवरेस्ट के लिए रवाना हुए। वह पर्वतारोहियों के एक समूह का नेतृत्व करेंगे जो वसंत ऋतु में पर्वतारोहण के मौसम में 8,849 मीटर (29,032 फुट) ऊंचे शिखर पर पहुंचने का प्रयास करेंगे।

### हिमाचल, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश, छत्तीसगढ़ में बढ़ा पारा

# मौसम का मिजाज बदला, बारिश के साथ गिरे ओले, कश्मीर में बादल फटने से तीन की मौत

एक नए पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने के बाद देश के कई इलाकों में मौसम का मिजाज बदल गया है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है। रविवार को जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में मूसलाधार हुई। तेज बारिश के कारण जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है। रामबन के सेरी बागना गांव में बादल फटने से तीन लोगों की मौत हो गई।

### मौसम विभाग ने जारी किया कई राज्यों के लिए अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौसम में बदलाव के कारण उत्तर पूर्वी भारत, पूर्वी भारत में भी बारिश हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 21 अप्रैल तक बारिश का दौर जारी रह सकता है। एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिम ईरान और आसपास के क्षेत्रों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में सक्रिय है। इसके कारण कई राज्यों का मौसम बदल गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 22 अप्रैल को पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम के तेवर तल्ख हो सकते हैं। कई इलाकों में ⏭ शेष पेज 6 पर





### दक्षिण भारत के कई इलाकों में बारिश

बारिश का दौर दक्षिण भारत के कई हिस्सों में भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, केरल में बारिश की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक अगले 5 दिनों के दौरान तेलंगाना में गरज-चमक के साथ तेज बारिश का संभावना है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। गुजरात में भी धूल भरी आंधी चलने की संभावना है।

### कश्मीर में 100 से अधिक का रेस्क्यू, कई मकान क्षतिग्रस्त, वाहन भी बहे

रामबन/जम्मू। जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में रविवार तड़के भारी बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर आई बाढ़ में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में से दो की पहचान अकीब अहमद और मोहम्मद साकिब के रूप में की गई है। वे दोनों भाई थे। 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। लगातार बारिश के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाशरी और बनिहाल के बीच करीब एक दर्जन स्थानों पर भूस्खलन और मिट्टी धंसने की घटनाएं हुई जिनके कारण यातायात को रोक दिया गया। पिछले दो दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

टला बड़ा हादसा

# हवाई अड्डे पर विमान से टकराई मिनी बस



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस के एक खड़े हुए विमान से मिनी बस टकरा गई। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारी ने बताया कि यह बस विमान के 'अंडरकैरेज' से टकरा गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक बयान में कहा गया, 18 अप्रैल 2025 को दोपहर लगभग 12:15 बजे, रखरखाव के काम से जुड़ी एक एजेंसी द्वारा संचालित वाहन केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एक विमान के अंडरकैरेज से टकरा गया।

### रखरखाव के काम में लगी थी मिनी बस

इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा जारी बयान में कहा गया कि 18 अप्रैल को दोपहर लगभग 12:15 बजे, रखरखाव के काम से जुड़ी एक एजेंसी (थर्ड पार्टी) द्वारा संचालित मिनी बस केम्पेगौड़ा रनवे पर खड़े एक विमान के अंडरकैरेज से टकरा गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी ने कहा कि यात्रियों और हवाई अड्डा कर्मियों की सुरक्षा और संरक्षा हमारी प्राथमिकता है।




चिंतन

## सांसद अपनी मर्यादा में टिप्पणी करें तो अच्छा

सांसदों को अपनी गरिमा, मर्यादा और अपने संवैधानिक दायरे में ही काम करना और बोलना चाहिए। किसी फैसले से या किसी व्यक्ति से व्यक्तिगत नाराजगी प्रकट करने का तरीका यह नहीं है कि आपकी भाषा इतनी तल्ख हो जाए कि आप उन पदों का अपमान ही करने लगें। झारखंड के गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई और पूर्व चुनाव आयुक्त वाईएस कुरैशी को लेकर जिस तरह के शब्द प्रयोग किए हैं, वे कहीं से भी संसदीय आचरण के दायरे में नहीं हैं। आप चाहें संसद में बोलें या संसद के बाहर या किसी टीवी शो में, आप सांसद हैं और आप संवैधानिक दायरे से बंधे हुए हैं। बेशक भाजपा ने सांसद दुबे के बयान से पार्टी को अलग कर लिया है, लेकिन पार्टी ने अभी तक निशिकांत दुबे को चेतावनी तक नहीं दी है। पूर्व में कई बयानवीर भाजपा नेताओं ने कई अवसर पर अपने अनर्गल व अनावश्यक बयानों से पार्टी का नुकसान कराया है, इसलिए भाजपा को अपने सभी नेताओं को क्या बोलें, क्या नहीं बोलें, इसके लिए एक गाइडलाइन जरूर बनानी चाहिए। इसके साथ ही बयानवीर नेताओं पर एक्शन भी लेना चाहिए। अभी देश में दो मसले सुप्रीम कोर्ट में हैं। एक वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती और दूसरा तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति। वक्फ संशोधन अधिनियम संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन सुनवाई की है और आगे भी सुनवाई होगी। यह एक प्रक्रिया से हो रही है। अदालत अपना काम कर रही है, इसलिए किसी को भी अधीर होने की जरूरत नहीं है। वक्फ संशोधन अधिनियम के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगे को रोकना राज्य सरकार का काम है, इसमें कोर्ट की कहीं से भी भूमिका नहीं है। सरकार जब कोई कानून बनाती है या संशोधन करती है, तो इसके परिणाम के लिए उसको तैयार रहने की जरूरत है। अगर सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम के मामले में भी संवेदनशील क्षेत्र में सख्ती रखती तो मुर्शिदाबाद जैसी घटना नहीं होती। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सरकार को पहले अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, फिर राजनीति करनी चाहिए। सरकार में पदासीन रहते हुए अपना दायित्व निभाने के बजाय राजनीति करने से संविधान की शपथ का उल्लंघन होता है। ऐसे ही तमिलनाडु में राज्यपाल चुनी हुई सरकार के विधेयकों को नियम के दायरे में सकारात्मक भाव से लौटा सकते हैं, असीमित समय के लिए राज्यपाल किसी विधेयक पर कुंडली नहीं मार सकते हैं। सोचने वाली बात है कि एक सरकार को राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ता है? कांग्रेस शासन में राज्यपालों ने केंद्र के एजेंट के रूप में राज्य सरकार के खिलाफ पदों का दुरूपयोग किया तो, इसका मतलब यह नहीं कि यह देश में परिपाटी ही बन जाय। भाजपा पार्टी विद डिफरेंस है तो राज्यपाल, मंत्री, सांसद, नेता के नैतिक मानकों में भी यह दिखना चाहिए। निशिकांत दुबे के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई की मांग करते हुए एक याचिका अटॉर्नी जनरल को दी गई है। हर सांसद को संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत विशेषाधिकार प्राप्त है, लेकिन केवल जब वे संसद में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे होंगे तब। सदन के बाहर सांसद की कोई भी टिप्पणी अनुच्छेद-105 के तहत प्रोटेक्टेड नहीं है। सबको अपने कानून, संविधान, न्यायपालिका, संसद पर पूर्ण भरोसा होना चाहिए और अंतिम फैसले का इंतजार करना चाहिए।

विचार
चंद्रशेखर गंगराड़े



## सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यपाल की शक्तियों का वरण

संसदीय लोकतंत्र में विधायिका कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के कर्तव्यों अधिकारों एवं शक्तियों के संबंध में विस्तार से पृथक-पृथक उल्लेख संविधान में किया गया है। इसे शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत कहा गया है। इन तीनों अंगों के मध्य में समन्वय और सामंजस्य बना रहे इसीलिए संविधान निर्माताओं ने संविधान में इन तीनों निकायों के कार्यों अधिकारों एवं शक्तियों का निर्धारण कर दिया था लेकिन तमिलनाडु सरकार द्वारा राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर अनुमति न देने के कारण सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जे सी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने 8 अप्रैल को निर्णय पारित किया, जिस पर काफ़ी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक स्थिति यह है कि विधानसभाओं का गठन संविधान के अनुच्छेद 168(1) के अनुसार राज्यपाल और जिन राज्यों में दो सदन हैं, वहां विधानसभा और विधान परिषद को मिलाकर तथा शेष राज्यों में विधानसभा से मिलकर बनेगा। संवैधानिक प्रावधानों के तहत राज्य शासन जो भी विधेयक लाना चाहती हैं। वह तभी पारित एवं अधिनियमित माना जाएगा, जब वह विधानमंडल से पारित एवं राज्यपाल से अनुमति प्राप्त हो किंतु इस मामले में राज्यपाल के अधिकारों का वरण सुप्रीम कोर्ट ने कर लिया है। विधेयकों को अनुमति प्रदान कर दी है।

विधायी प्रक्रिया के संबंध में संविधान में स्पष्ट उल्लेख है कि कोई विधेयक विधानमंडल द्वारा पारित होने के बाद राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और राज्यपाल घोषित करेगा कि वह विधेयक पर अनुमति देता है या अनुमति रोक लेता है अथवा विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित रखता है। किंतु संविधान में यह प्रावधान नहीं है कि राज्यपाल को कितनी अवधि के भीतर अनुमति दे देना चाहिए। इसलिए ऐसे मामले जिनमें राज्यपालों के अधिकारों में कटौती की जाती है उस स्वरूप के विधेयकों पर राज्यपाल अनुमति रोक लेते हैं। लेकिन राज्य सरकारों को भी यह विचार करना चाहिए की जिन मामलों में राज्यपाल को अधिकार पूर्व से प्रदत्त हैं। उन मामलों में राज्यपाल पद की गरिमा बनी रहे इसलिए उनके अधिकारों को कम करने जैसे मामलों से बचना चाहिए ताकि विवाद की गुंजाइश न रहे। यहां इस बात पर भी विचार करना लाज़मी है कि आख़िर संविधान निर्माताओं ने विधान मंडलों द्वारा पारित विधेयकों पर राज्यपाल की अनुमति का प्रावधान और समय सीमा का प्रावधान क्यों नहीं रखा। जब बहुमत प्राप्त सरकार द्वारा पारित विधेयक को ही अंतिम मानना है तो राज्यपाल की अनुमति की आवश्यकता का प्रावधान क्यों रखा गया। क्या बहुमत प्राप्त दल कोई भी विधेयक पास कर दे तो उस पर अनुमति देना राज्यपाल के लिए बंधनकारी है?और यदि बंधनकारी है तो राज्यपाल की अनुमति की आवश्यकता के प्रावधान की क्या आवश्यकता है? इसके पीछे संविधान निर्माताओं ने गहन विचारविमर्श उपरांत ही यह प्रावधान शामिल किया होगा।

यदि राज्यपाल को समय सीमा में अनुमति देना आवश्यक ही है तो अनुच्छेद 200एवं 201 की कोई प्रासंगिकता नहीं है इसलिए उसे हटा देना चाहिए ताकि जिस दिन विधेयक विधानसभा में पारित हो अगले दिन सरकार उसे लागू कर दे। इस बात पर भी विचार करने की ज़रूरत है कि आख़िर उन विधेयकों में ऐसी क्या बात थी जिसके कारण राज्यपाल ने अनुमति नहीं दी और उनसे कौन सा जनहित प्रभावित हो रहा था? उक्त सभी 10 विधेयक विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली से संबंधित थे, जिनमें राज्यपाल की भूमिका, उनकी शक्तियों तथा अधिकारों को कम करने का प्रावधान था। संभवतः इसी कारण राज्यपाल ने अनुमति रोक कर रखी थी। इसलिए संविधान में शक्ति पृथक्करण का जो प्रावधान निर्धारित किया गया है ज़रूरी है कि सभी पक्ष उसका पालन करें और परस्पर एक दूसरे के अधिकारों शक्तियों का सम्मान करें ताकि इस प्रकार के विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हो और आपस में परस्पर विश्वास की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने पर विचार करना चाहिए।

*-लेखक छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव हैं।*

# कोचिंग का बढ़ता बाजार और दुश्वारियां




विचार
डॉ. संजय शुक्ला

इन दिनों अखबारों के पन्ने, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल्स और महानगरों से लेकर शहरों के बड़े - बड़े होर्डिंग्स नामी कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों से अटे पड़े हैं। प्रोफेशनल कोर्सेज और नौकरी के लिए ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में गलाकाट प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर भारत में कोचिंग एक बड़े उद्योग का शक्ल लेने लगा है जिसमें बड़े - बड़े कॉर्पोरेट घरानों का निवेश हो रहा है। अमूमन हर साल बारहवीं की परीक्षा के बाद इन कोचिंग संस्थानों में दाखिले की बहार आ जाती है। आईआईटी, इंजीनियरिंग, कानून , प्रबंधन और मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजस्थान के कोटा शहर से लेकर दिल्ली, नोएडा,बंगलुरु, हैदराबाद ,भुवनेश्वर, लखनऊ, वाराणसी, पटना, विशाखापत्तनम में बड़े - बड़े कोचिंग सेंटर स्थापित हैं जिसमें छात्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आलम यह है कि कोचिंग हब कोटा के नामी कोचिंग संस्थानों के इसी शहर में कई सेंटर चल रहे हैं वहीं इन संस्थानों के चेन देश के अन्य महानगरों और शहरों में चल रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज, हैदराबाद, पटना, इंदौर, रायपुर, बिलासपुर सहित अन्य शहरों में यूपीएससी, पीएससी, बैंकिंग एवं अन्य नौकरियों की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी के लिए भी कोचिंग संस्थानों की भरमार है। यूपीएससी की सिविल सेवा आईएएस, आईएफएस, आईपीएस, आईआरएस जैसे सेवाओं के परीक्षा व साक्षात्कार के लिए दिल्ली के कोचिंग सेंटर्स टॉप पर माने जाते हैं बल्कि यहां के कुछ नामी कोचिंग संस्थानों के सेंटर्स अन्य शहरों में भी संचालित हो रहे हैं।

बाजारीकरण के वर्तमान दौर में अमूमन सभी कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों में अभ्यर्थियों के 'सौ फीसदी सफलता' के दावे किए जाते हैं। अनेकों बार यह भी देखा गया है कि कई कोचिंग द्वारा प्रवेश या भर्ती परीक्षाओं के शीर्ष मेरिट में सफल अभ्यर्थियों को अपने सेंटर का बताकर झूठा प्रचार भी किया जाता है। अधिकतर कोचिंग सेंटर अपनी उपलब्धियों, सुविधाओं और संसाधनों को इस कदर बढ़ा - चढ़ाकर पेश करते हैं कि अभिभावक और छात्र लुभावने विज्ञापनों के मायाजाल में फंसकर इन सेंटरों की मोटी फीस देकर दाखिला ले लेते हैं। कोचिंग संस्थानों के विज्ञापनों पर गौर करें तो फिल्म जगत के अनेक अभिनेता इन इश्तेहारों में नजर आते हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में शिक्षा और स्वास्थ्य धन उपार्जन का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है जिसमें बड़े कॉर्पोरेट घरानों का पैसा लग रहा है।

देश में कोचिंग के बाजार की बात करें तो फिलहाल इस उद्योग का सालाना कारोबार 60 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है जिसके 2028 तक 1.3 लाख करोड़ रुपए पहुंचने का अनुमान है। देश में कोचिंग इंडस्ट्री कितनी तेजी से फल - फूल रहा है, इसका अंदाजा कोचिंग संस्थानों से मिल रहे जीएसटी कलेक्शन को देखकर लगाया जा सकता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक 2019-20 में जहां कोचिंग उद्योग से जीएसटी संग्रहण 2240.73 करोड़ रुपए था, वहीं 2023- 24 में यह कलेक्शन 5517.45 करोड़ रुपए का था।



इसके इतर कोचिंग संस्थानों के इस चकाचौंध का स्याह पक्ष छात्रों,अभिभावकों और समाज के लिए अनेक तरह की दुश्वारियां पैदा कर रहा है। आम मध्यमवर्गीय परिवार बच्चों के सुरक्षित भविष्य और अच्छी नौकरी के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर इन महंगे कोचिंग संस्थानों में अपने बच्चों को दाखिला दिला रहे हैं। आलम यह कि सामान्य आर्थिक परिस्थिति के पालक महंगे कोचिंग संस्थानों की फीस और शहरों का खर्च उठाने के लिए बैंकों से कर्ज ले रहे हैं या अपनी संपत्ति को दांव में लगा रहे हैं। दूसरी ओर अभिजात्य तबका अपने 'स्टेटस टैग' बरकरार रखने के लिए अपने बच्चों की क्षमता और अभिरुचि का आंकलन किए बिना ही कोचिंग संस्थानों के हवाले कर देते हैं। विडंबना है कि माता-पिता के जबरिया अपेक्षाओं का बोझ लादे बच्चे अनजान शहरों और परिवेश में अपने आपको ढाल नहीं पा रहे हैं। परीक्षा में असफल होने और पालकों के अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाने के डर और आत्मग्लानि में बच्चे अवसाद ग्रस्त होकर खुदकुशी कर रहे हैं।

विचारणीय है कि देश का कोचिंग तीर्थ कोटा जंक्शन छात्रों के लिए मौत का जंक्शन बनते जा रहा है। इस शहर में छात्रों के आत्महत्या के मामलों पर गौर करें तो पुलिसिया आंकड़ों के मुताबिक बीते दस सालों में कोचिंग लेने वाले लगभग 150 से ज्यादा छात्रों ने खुदकुशी की है। कोटा पुलिस के अनुसार साल 2015 में 17, साल 2016 में 16,साल 2017 में 7, साल 2018 में 20 तथा 2019 में 8 छात्रों द्वारा खुदकुशी के मामले दर्ज किए गए थे।साल 2023 में 29 छात्रों ने आत्महत्या की जो बीते 8 सालों के दौरान सर्वाधिक था। बीते साल 2024 में कुल 17 कोचिंग स्टुडेंट्स ने खुदकुशी कर लिया वहीं इस साल मार्च तक 10 छात्रों ने खुद मौत को गले लगा लिया है। अलबत्ता छात्रों द्वारा किए जा रहे खुदकुशी के आंकड़े सिर्फ एक संख्या भर नहीं है बल्कि यह इकलौते संतान वाले परिवारों के लिए दुख का पहाड़ है। दूसरी ओर कोचिंग ले रहे बच्चों के खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर देश के शिक्षाविद और समाजशास्त्री सभी चिंतित हैं। मनोविज्ञानियों की मानें तो अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के दौर में अधिकांश छात्र अवसाद और कुंठा से घिर रहे हैं। अभिभावकों की इच्छा पर कोचिंग फैक्ट्री में दाखिला लेने वाले छात्र भावनात्मक सहयोग और संवाद के अभाव में मौत को गले लगा रहे हैं। बीते साल सुप्रीम कोर्ट में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर दायर याचिका में अदालत ने इन मामलों के लिए अभिभावकों के दबाव को जिम्मेदार ठहराया था। अदालत ने कहा था कि माता-पिता अपने बच्चों से उनकी क्षमता से ज्यादा उम्मीद लगा लेते हैं फलस्वरूप बच्चे प्रतिस्पर्धा के दबाव में आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। अदालत ने सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर भी टिप्पणी किया था।

गौरतलब है कि देश के संविधान में शिक्षा एक बुनियादी अधिकार है जिसकी जवाबदेही सरकारों पर है लेकिन हमारी प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा का स्तर आज के प्रतिस्पर्धा और जरूरत के मुकाबले काफी फिसड्डी साबित हो रहा है। भारत में शिक्षा व्यवस्था शहरी - ग्रामीण और अमीरी व गरीबी के बीच बंटी हुई है जिसका खामियाजा मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को उठाना पड़ रहा है। दरअसल स्कूली शिक्षा ही उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है लेकिन भारत में बुनियादी शिक्षा के हालात काफी दयनीय है फलस्वरूप अभिभावकों और छात्रों को स्कूली परीक्षाओं से लेकर प्रोफेशनल कोर्सेज में दाखिले के लिए कोचिंग का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि कोचिंग संस्थानों में फीस के नाम पर तगड़ी रकम उगाही और पढ़ाई के तनाव को कम करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने पिछले साल 16 जनवरी को कोचिंग सेंटर्स के लिए गाइडलाइंस भी जारी किया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कोचिंग संस्थानों के झूठे दावे वाले विज्ञापनों पर रोक लगाने की दिशा में सख्ती बरतने का आदेश दिया है वहीं केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण 'सीसीपीए' ने कोचिंग संस्थानों की ओर से परोसे जाने वाले भ्रामक विज्ञापनों पर शिकंजा कसने के लिए इन संस्थानों को कड़ी चेतावनी जारी भी किया है लेकिन नतीजा सिफर है। दिल्ली सहित देश के दूसरे शहरों में कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा उपायों में चूक और अन्य विसंगतियों के चलते घटित हादसों में छात्रों और युवाओं की मौत विचलित करती है।

अलबत्ता बीते दिनों कतिपय कोचिंग संस्थानों की संलिप्तता परीक्षा घोटालों में उजागर हुई है। बीते साल मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए ली जाने वाली परीक्षा 'नीट' सहित अनेक राज्यों के पीएससी के भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने और पैसों के बदले नकली परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल करवाने तथा अपने ठिकानों में अभ्यर्थियों को पर्चे हल कराने जैसे फर्जीवाड़े में कुछ कोचिंग संस्थानों की संलिप्तता उजागर हुई है। देश के नामी कोचिंग संस्थानों की चेन में से एक 'फिट्जी' के अचानक बंद होने से अभिभावकों और छात्रों को अच्छा खासा चपत लगा है। विडंबना यह कि यह संस्थान ऐन मौके पर तब बंद हुआ जब जेईई और नीट की परीक्षाएं बच्चों के सिर पर था। बहरहाल भारत जैसे विकासशील देश में जहां की अधिसंख्यक आबादी छात्रों और युवाओं की है वहां हर अभिभावक और बच्चे को अपना करियर तय करने के लिए निजी कोचिंग जैसे साधन चुनने का अधिकार है। सरकार की जवाबदेही है कि वह इन कोचिंग संस्थानों के फीस और अन्य आवश्यक सुविधाओं के नियमन के लिए प्रभावी कानूनी प्रावधान सुनिश्चित करें ताकि पालकों के जेब और बच्चों का जान दोनों सलामत रहे। अभिभावकों से भी अपेक्षा है कि वे अपने बच्चों को पर्याप्त समय दें तथा अपनी अपेक्षाएं लादने के बजाय बच्चे के हुनर और योग्यता को प्रोत्साहित करें।


## ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
दर्शन

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा-वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी- इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।


## सत्य की अनुभूति से जागृत होता है मन



संकलित
प्रेरणा

इच्छा आकाश के समान अनंत है। सब जानते हैं कि इच्छा पूर्ण नहीं होती, अपूर्ण बनी-की-बनी रहती है। पर सच्चाई का साक्षात्कार करने वाले विरल व्यक्ति ही मिलेंगे। साक्षात्कार वही व्यक्ति कर पाता है, जिसका शुक्ल पक्ष जाग गया है। इसे समझने के लिए एक प्रसंग है। कपिल दो मासे सोने के लिए राजा के पास गया। राजा ने कहा- मांगो। अब इच्छा को खेलने के लिए अनंत आकाश मिल गया। इच्छा बढ़ती गई और पूरे राज्य को पा लेने और राजा को रंक बनाने की बात सोचकर ही शांत हुई । मोड़ आया। सच्चाई का भान हुआ। शुक्ल पक्ष जाग गया। राजा ने कहा- मांगो। कपिल बोला- क्या मांगू? कुछ है ही नहीं इस संसार में। अब मैं जा रहा हूं, उस देश में जहां मांग नहीं है, चाह नहीं है। कपिल संन्यासी बन गया। सच्चाई का साक्षात्कार होते ही मांग पूरी हो जाती है, चाह समाप्त हो जाती है। जब तक सच्चाई का अवबोध नहीं होता, तब तक मांग कभी पूरी होती ही नहीं, चाह मिटती ही नहीं। सिद्ध पुरुष ने अपने भक्त से कहा- प्रसन्न हूं। कुछ मांगो। भक्त बोला- कुछ नहीं चाहिए। सिद्ध पुरुष ने देखा, यह कैसा भक्त! अमूल्य क्षण को खो रहा है। मांगने के लिए आग्रह किया। भक्त बोला- यदि आप देना ही चाहते हैं तो यह वरदान दें कि मेरे मन में चाह उत्पन्न ही न हो, मांग रहे ही नहीं। यह तब संभव है, जब सत्य का साक्षात्कार हो जाता है। अन्यथा लोग मांग को पूरी करने के चक्कर में कितने देवी-देवताओं की मनौतियां मनाते हैं, पूजा-अर्चना करते हैं। वे कहां-कहां नहीं भटकते।

अंतर्मन




आज की पाती

### बांग्लादेश का हिंदू किसके भरोसे?

विश्व के अनेक देशों में आज युद्ध की जो स्थिति बनी हुई है, वैसा ही संकट बांग्लादेश में उत्पन्न हो रहा है। इस संकट का बीजारोपण आज नहीं, बल्कि धर्म और जिहाद की आड़ में वर्षों पहले ही रोपित हो चुका था। बांग्लादेश, जो कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भारत का घनिष्ट पड़ोसी है, वहां अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार न केवल मानवाधिकारों का हनन है, बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता और भारत-बांग्लादेश संबंधों के लिए भी चुनौती बन गया है। बीते कुछ वर्षों में, बांग्लादेश में चरमपंथी ताकतों का उभार हुआ है और उनके हाथों में सत्ता की चाबी आने के बाद से स्थिति और भी विकट हो गई है। बांग्लादेश में हिंदू लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।

*-जगदीश यादव, रायपुर*

ट्रेंड


### ईस्टर की शुभकामनाएं



सभी को ईस्टर की हार्दिक शुभकामनाएं। यह ईस्टर इसलिए खास है क्योंकि दुनिया भर में जयंती वर्ष को बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पवित्र अवसर हर व्यक्ति में आशा, नवीनीकरण और करुणा की भावना जगाए। चारों ओर खुशियाँ और सद्भावना हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सपा की नीयत में खोट



कांग्रेस व भाजपा की तरह सपा भी अपनी नीयत व नीति में खोट के कारण कभी भी दलितों-बहुजनों की सच्ची हितैषी नहीं हो सकती है, जबकि बीएसपी 'बहुजन समाज' को शासक वर्ग बनाने को समर्पित व संघर्षरत रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### नेहरू ने साहस दिया



नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, उन्होंने हमें डर का सामना करना और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीयों को उत्पीड़न का विरोध करने और अंततः स्वतंत्रता का दावा करने का साहस दिया।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भाजपा का महा-भ्रष्टाचार




महाराष्ट्र में एक पुलिस ऑफिसर द्वारा ये खुलासा किया जाना कि ईवीएम में धांधली करने के लिए उसके खाते में भाजपाइयों ने 10 लाख रुपये डलवाए, भाजपा के महा-भ्रष्टाचार का महा-भंडाफोड़ है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

## ईरान के साथ परमाणु वार्ता में 'बहुत अच्छी प्रगति'



ईरान और अमेरिका के बीच तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रमों पर शनिवार को बातचीत हुई और दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत 'रचनात्मकता' रही और इसमें 'बहुत अच्छी प्रगति' हुई। दोनों देशों की अगले सप्ताह अगले दौर की वार्ता करने की योजना है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की कि रोम में वार्ता के दौरान कुछ वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आमने-सामने बात की। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर चर्चाओं में बहुत अच्छी प्रगति हुई है।' अराघची ने ईरानी सरकारी टेलीविजन को बताया, 'बातचीत रचनात्मक माहौल में हुई और मैं कह सकता हूं कि यह आगे बढ़ रही है। मुझे उम्मीद है कि तकनीकी वार्ता के बाद हम बेहतर स्थिति में होंगे।' उन्होंने ,'इस बार हमारे बीच सिद्धांतों और उद्देश्यों के बारे में बेहतर समझ बनी। ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसकी अमेरिका के साथ दूसरे दौर की वार्ता शनिवार को कई घंटों की बातचीत के बाद समाप्त हुई।

ऑफ बीट

## ईस्टर अंडे और नियमित चॉकलेट के बीच अंतर



ईस्टर के मौके पर आपने सुपरमार्केट की अलमारियों में चॉकलेट ईस्टर अंडे देखे होंगे। चॉकलेट ईस्टर अंडे ईस्टर की छुट्टियों के दौरान दिए जाने वाले चॉकलेट के अंडे होते हैं, जो आमतौर पर चॉकलेट से बने होते हैं। जैसा कि हम देखते हैं कि कोई भी अंतर सामग्री के बारे में नहीं बल्कि इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट खाते समय उसका अनुभव कैसे करते हैं। जब हमने ईस्टर एग चॉकलेट और उसी कंपनी की नियमित चॉकलेट के अवयवों और पोषक तत्वों की तुलना की, तो हमें कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। कैडबरी डेयरी मिल्क खोखले ईस्टर अंडे और कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट ब्लॉक दोनों में प्रति 100 ग्राम शामिल हैं। इनने लगभग 2,200 किलोजूल ऊर्जा, 7 ग्राम प्रोटीन, 31 ग्राम वसा, 55 ग्राम चीनी मिली दोनों उत्पादों में न्यूनतम 24 प्रतिशत दूध ठोस पदार्थ होते हैं। अंडे में कोको ठोस पदार्थ (28 प्रतिशत) ब्लॉक (27 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा अधिक होता है। तो यदि उनमें लगभग एक जैसे ही तत्व हैं, तो फिर और क्या हो रहा है? ईस्टर चॉकलेट और नियमित चॉकलेट के बीच का अंतर इस बात पर अधिक निर्भर करता है कि हम चॉकलेट के स्वाद को कैसे अनुभव करते हैं - स्वाद, बनावट और गंध के माध्यम से।

*सोशल मीडिया पर पोस्ट लाइक करना कई बार बड़ी मुसीबत का सबब बन जाता है। इसके चलते आईटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला तक दर्ज हो सकता है। एक ऐसे ही मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया यूजर को राहत देते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने फैसला देते हुए कहा कि किसी पोस्ट को सिर्फ लाइक करना, उसे पब्लिश या प्रसारित करने के बराबर नहीं माना जा सकता।*

# सोशल मीडिया पोस्ट लाइक करना अपराध नहीं; इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिया अहम फैसला

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इस अहम फैसले में अदालत ने कहा कि महज लाइक करने से आईटी एक्ट की धारा 67 लागू नहीं होगी, क्योंकि यह धारा केवल अश्लील सामग्री पर ही लागू होती है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 67 केवल अश्लील या यौन आकर्षण को बढ़ावा देने वाली सामग्री के लिए है, न कि भड़काऊ पोस्ट के लिए। लैसिवियस या प्रुरिएंट इंटरेस्ट जैसे शब्द केवल यौन इच्छाओं से संबंधित होते हैं। इसलिए भड़काऊ पोस्ट के मामले में धारा 67 लागू नहीं होती।

### पुलिस ने दर्ज किया था मामला

पोस्ट के कारण भीड़ जमा हो जाने पर पुलिस ने इमरान खान पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने यह भी दावा किया कि इमरान खान ने अपने फेसबुक अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट हटा दी है, लेकिन ऐसी ही सामग्री व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद थी।

### मामला खारिज, राहत मिली

कोर्ट ने पाया कि इमरान खान के फेसबुक, व्हाट्सऐप अकाउंट में कोई आपत्तिजनक पोस्ट मौजूद नहीं है। उन्होंने पोस्ट को न तो खुद लिखा, न शेयर किया, सिर्फ लाइक किया था। इस आधार पर कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं बनता। यह फैसला सोशल मीडिया यूजर्स के लिए एक बड़ी राहत है, जो बिना पूरी जानकारी के किसी पोस्ट को लाइक कर देते हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक कोई व्यक्ति खुद कोई आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट या प्रसारित नहीं करता, तब तक उस पर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

## हाईकोर्ट के इस फैसले से भविष्य में भी लोगों को राहत मिलने की उम्मीद

### उकसाने वाली पोस्ट को किया था लाइक

बता दें कि यह मामला इमरान खान नाम के व्यक्ति से जुड़ा है, जिस पर आरोप था कि उसने सोशल मीडिया पर एक उकसाने वाला पोस्ट लाइक किया था, जिससे भीड़ जमा हुई। कोर्ट ने साफ किया कि केवल पोस्ट को लाइक करने से कोई अपराध सिद्ध नहीं होता, जब तक व्यक्ति ने खुद पोस्ट को शेयर या पब्लिश न किया हो।



**कोर्ट ने क्या कहा? :** जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने अपने आदेश में कहा कि कोई पोस्ट तभी प्रकाशित मानी जाती है जब उसे खुद पोस्ट किया जाए, और प्रसारित तब जब उसे शेयर या रीट्वीट किया जाए। सिर्फ लाइक करना इन दोनों में से कोई भी नहीं है, ऐसे किसी मामले में आईटी एक्ट की धारा 67 लागू नहीं की जा सकती।

### क्या है पूरा मामला?

यह केस इमरान खान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में आया, जिसमें याचिकाकर्ता इमरान खान ने सोशल मीडिया पर चौधरी फरहान उस्मान नामक व्यक्ति की एक पोस्ट को लाइक किया था। इस पोस्ट में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपने के लिए कलेक्टरेट के पास एक विरोध प्रदर्शन की जानकारी दी गई थी। पुलिस का दावा था कि इस पोस्ट के कारण करीब 600-700 लोगों की भीड़ जमा हुई और इससे शांति भंग होने का खतरा पैदा हुआ।

## खबर संक्षेप

### एलपीजी वितरकों ने दी देशव्यापी हड़ताल की धमकी



**भोपाल।** एलपीजी वितरण संघ ने चेतावनी दी कि अगर तीन महीने में अधिक कमीशन सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे अनिश्चित कालीन देशव्यापी हड़ताल पर चले जाएंगे। यह निर्णय भोपाल में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएस शर्मा ने कहा कि एलपीजी वितरकों को दिया जा रहा वर्तमान कमीशन बहुत कम है।

### छात्रा से यौन संबंध की पेशकश, शिक्षक गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक नाबालिग छात्रा को यौन संबंध बनाने की पेशकश करने और ऐसा न करने पर उसे आंतरिक परीक्षा में फेल करने की धमकी देने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भद्रवाह में तैनात शिक्षक के खिलाफ 16 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की सजा




**बलिया।** बलिया की एक अदालत ने 17 वर्षीय लड़की को अगवा कर बलात्कार करने के जुर्म में युवक को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी साजिद को 20 वर्ष के कारावास की सजा और दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी ने गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को 27 अप्रैल 2023 को उसके गांव अगवा कर उसके साथ बलात्कार किया था।

## 'धार्मिक युद्ध के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार'

# निशिकांत के बयान से सियासी भूचाल; भाजपा ने किया किनारा





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ बयान देकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बुरे फंस गए हैं। सांसद निशिकांत दुबे के 'धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार' वाले बयान से सियासी बवाल मचा है। इस पर विपक्ष हमलावर हो गया है। इन सबके बीच भाजपा ने निशिकांत के बयान से किनारा कर उनके बयान को उनका व्यक्तिगत बताया। इधर सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने अटॉर्नी जनरल को पत्र लिखकर निशिकांत पर अवमानना कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की बयान के बाद मचे सियासी बवाल के बीच एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा-आप लोग (भाजपा) ट्यूबलाइट हैं। कोर्ट को धमका रहे हैं। भाजपा धोखाधड़ी कर रही है। डरा रही है। धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही है।

### निशिकांत का बयान उनका व्यक्तिगत : जेपी नड्डा



पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा का न्यायपालिका और देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से भारतीय जनता पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है( यह इनका व्यक्तिगत बयान है। भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है।

### मोदी जी, 'देश आपको माफ नहीं करेगा : ओवैसी



मोदी जी, अगर आप इन लोगों को नहीं रोकेंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। देश आपको माफ नहीं करेगा और कल आप सत्ता में नहीं रहेंगे। हिंदू जान चुका है कि मुसलमानों की नफरत को दिखाकर बीजेपी वोट बटोरती आई है। दिखाने के लिए कुछ नहीं है। 4.5 फीसदी युवा बेरोजगार हैं. इनकी बेरोजगारी को दूर करने का कोई प्लान नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट को बनाया जा रहा निशाना : कांग्रेस



कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने निशिकांत दुबे के बयान पर पलटवार किया है। कहा, वे सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने जब से यह कहा है कि कोई भी कानून बने, संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ न हो। कोई कानून यदि संविधान के खिलाफ है तो हम स्वीकार नहीं करेंगे। तभी से सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है।

## निशिकांत के बयान पर विपक्ष और पूर्व जज का रिएक्शन

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा, अगर कोई सांसद सुप्रीम कोर्ट या किसी भी अदालत पर सवाल उठाता है तो यह बहुत दुख की बात है। हमारी न्याय व्यवस्था में अंतिम फैसला सरकार का नहीं, सुप्रीम कोर्ट का होता है। अगर कोई यह बात नहीं समझता है तो यह बहुत दुख की बात है।

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, उन्होंने (निशिकांत दुबे) बहुत घटिया बयान दिया है। मुझे उम्मीद है कि कल ही सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगा और उन्हें जेल भेजेगा।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज अशोक कुमार गांगुली ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 53 के अनुसार राष्ट्रपति को संविधान के अनुसार काम करना चाहिए, अगर ऐसा नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रपति को निर्देश दे सकता है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को यह समझने की जरूरत है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

### एससीबीए के पूर्व अध्यक्ष ने लिखा पत्र

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अदिश सी. अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी को लेकर गहरी चिंता जताई है। अग्रवाल ने इस टिप्पणी को 'चौकाने वाला' करार दिया। अग्रवाल ने न्यायपालिका के प्रति अब तक दिखाए गए सम्मान के लिए सरकार की सराहना की और प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वे अपनी पार्टी के नेताओं को ऐसी सार्वजनिक टिप्पणियां करने से रोकें।

## एनआईए कोर्ट में सुनवाई हुई पुरी

# 2008 मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में लंबे समय से चल रही सुनवाई आखिरकार पूरी हो गई है। दरअसल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी की स्पेशल कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि, यह विस्फोट 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। विस्फोट में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बता दें कि, इस मामले ने देश में व्यापक चर्चा और विवाद को जन्म दिया था।



### पिछले दिनों स्पेशल जज लाहोटी का हुआ था ट्रांसफर

बता दें, साल 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी का पिछले कुछ दिनों पहले ही ट्रांसफर कर दिया गया था। यह तबादला जिला न्यायाधीशों के वार्षिक तबादला नीति के तहत किया गया था।

### एनआईए कोर्ट के फैसले का सबको इंतजार

एनआईए कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि जल्द ही इसकी तारीख की घोषणा की जाएगी। इस मामले का फैसला न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए, बल्कि देश की न्याय व्यवस्था और आतंकवाद से निपटने की नीतियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। मालेगांव विस्फोट ने धार्मिक और सामाजिक तनाव को बढ़ाया था। इसका फैसला सामाजिक सौहार्द पर भी असर डाल सकता है।

### कई हाई-प्रोफाइल आरोपियों के नाम

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एनआईए कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों की दलीलें, गवाहों के बयान और साक्ष्यों की गहन जांच की। अभियोजन और बचाव पक्ष ने अपनी अंतिम बहस पूरी की, जिसके बाद कोर्ट ने फैसले के लिए समय मांगा। इस मामले में कई हाई-प्रोफाइल आरोपियों के शामिल होने के कारण यह सुनवाई राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में रही। वहीं, जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण खुलासे हुए, जिन्होंने मामले की जटिलता को और बढ़ाया।

## पत्नी व बच्चों के साथ आगरा-जयपुर भी जाएंगे

# आज अमेरिकी उपराष्ट्रपति व मोदी के बीच होंगे कई समझौते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कल यानी 21 अप्रैल से 4 दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति बनने के बाद वेंस की ये पहली विदेश यात्रा है। वे कल सुबह 10 बजे अपनी भारतीय मूल की पत्नी उषा और 3 बच्चों के साथ दिल्ली के पालम एयरबेस पर उतरेंगे। उनके साथ ट्रंप प्रशासन के शीर्ष अधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान वेंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

### ऐतिहासिक स्थलों में भ्रमण करेंगे वेंस

वेंस दिल्ली में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर भी जाएंगे। इसके बाद 21 अप्रैल की रात को ही वे परिवार संग जयपुर के लिए रवाना हो जाएगी। यात्रा के दूसरे दिन यानी 22 अप्रैल को वे जयपुर में अलग-अलग ऐतिहासिक स्थलों का दौरा करेंगे। वे आमेर किले का भी दौरा कर सकते हैं, जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में भी जाना जाता है। वह दोपहर में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक सभा को संबोधित करेंगे। जयपुर में एक दिन रुकने के बाद वेंस 23 अप्रैल को आगरा जाएंगे। इस दौरान वे ताजमहल की खूबसूरती निहारेंगे।



### मोदी से मुलाकात पर सबकी नजरें

अपनी यात्रा के पहले दिन शाम में वेंस प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करेंगे। इस दौरान भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के अलावा संबंधों को बढ़ावा देने के तरीकों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। व्यापार, टैरिफ और रक्षा समेत अन्य मुद्दे भी चर्चा में जगह बना सकते हैं। 21 अप्रैल को ही प्रधानमंत्री मोदी उपराष्ट्रपति वेंस और अमेरिका की दूसरी महिला के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

### ईस्टर पर सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए पोप फ्रांसिस



**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ईस्टर रविवार के अवसर पर सेंट पीटर्स स्क्वायर में हजारों लोगों को आशीर्वाद देने हेतु कुछ समय के लिए जनता के सामने आए और सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर लोगों की भीड़ ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। पोप को हाल में निमोनिया हो गया था और वह इससे उबर रहे हैं। पोप फ्रांसिस ने पियाजा में ईस्टर की प्रार्थना में हिस्सा नहीं लिया बल्कि इसे सेंट पीटर्स बेसिलिका के सेवानिवृत्त कार्डिनल एंजेलो कोमास्ट्री को सौंप दिया।

### मां कर्मा जयंती में शामिल हुए तोखन

**ग्वालियर।** एल.एन.आई.पी. विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित मां कर्मा जयंती समारोह में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सहभागिता कर गर्व की अनुभूति हुई। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान भी किया गया। श्री साहू ने कहा मां कर्मा के जीवन मूल्य सेवा, त्याग और सामाजिक समरसता आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका विचार दर्शन सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण की दिशा में पथप्रदर्शक है।

मंत्री ने ग्वालियर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा कि गुरु जी द्वारा प्रतिपादित 'मीरी-पीरी' का सिद्धांत, धर्म और शक्ति के संतुलन का प्रतीक है। यह स्थल उनके बलिदान, नेतृत्व और आध्यात्मिक दर्शन की स्मृति समेटे हुए है।



इस दर्शन से समाज सेवा, न्याय और आत्मिक शक्ति के मार्ग पर चलने का संकल्प और भी दृढ़ हुआ। उन्होंने ग्वालियर के प्रसिद्ध ऐतिहासिक तेली मंदिर के दर्शन किए। 8वीं-9वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर भारतीय स्थापत्य कला की अनुपम धरोहर है, जिसमें नागर और द्रविड़ शैली का विलक्षण संगम देखने को मिलता है।

### कानून का शासन है या बाहुबल का? अवैध निर्माण को लेकर बंबई हाईकोर्ट नाराज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक प्लॉट पर बने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने पर बॉम्बे उच्च न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। उच्च न्यायालय ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में कानून का शासन है या बाहुबल का? इसके साथ ही अवैध निर्माण न हटा पाने के लिए उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र की शहर योजना एजेंसी सिडको को लताड़ लगाई। पीठ ने कहा कि अधिकारी अपने वैध कर्तव्यों का पालन करते हुए पर्याप्त पुलिस सुरक्षा पाने के हकदार हैं और अवैध कार्यों को रोकना और कानून का शासन स्थापित करना अधिकारियों का कर्तव्य है। अदालत ने एक सप्ताह में कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## लालच में लुटा बीमा कंपनी का मैनेजर

# एक रुपये के नोट के चक्कर में लगा 10 लाख का चूना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ सोशल मीडिया पर विज्ञापन देख फंस गया झांसे में

मुंबई शहर से साइबर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां एक शख्स 1 रुपये के नोट के बदले 25 लाख का झांसे में फंस गया। एक सरकारी बीमा कंपनी के कैशियर का सोशल मीडिया पर एक विज्ञापन में ऐसा फंसा की 1 रुपये के नोट के बदले 25 लाख का इनाम पाने के लिए 10.38 लाख रुपये खो बैठा। शख्स ने गुरुवार को पश्चिम साइबर पुलिस स्टेशन में ठगी की शिकायत दर्ज करवाई। शख्स चर्चगेट स्थित एक सरकारी बीमा कंपनी में कैशियर के पद पर काम करता है।

**झूठ बोलकर की पैसों की डिमांड :** इसके बाद पंकज सिंह नाम का एक शख्स उससे संपर्क में आया और खुद को एक सिक्कों की दुकान का कर्मचारी बताया। स्कैमर ने रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाने का झूठ बोलकर 6,160 रुपये की डिमांड करे। इसके बाद स्कैमर अलग-अलग बहानों से कागजी प्रक्रिया, टैक्स, प्रोसेसिंग फीस जैसे बाहने देकर पैके की डिमांड करने लगा। इसके बाद शख्स के पास एक अरुण शर्मा नाम के व्यक्ति का कॉल आया और खुद को आरबीआई का अधिकारी बताने लगा और भरोसा करवाने के लिए फर्जी लेटर भी भेजा।




### पीड़ित ने बताया कैसे फंसा जाल में

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 23 फरवरी को जब वह सोशल मीडिया पर रील्स देख रहा था, तभी उसकी नजर एक दिलचस्प विज्ञापन पर पड़ी 'अगर आपके पास 1 रुपये का नोट पुराना है तो आपको 4.53 लाख रुपये का प्राइस मिलेगा।उसने बताया कि विज्ञापन में एक व्हाट्सएप नंबर भी दिया गया था. कैशियर ने तुरंत उस नंबर पर एक रुपये के नोट की फोटो भेजी।



20- APR- COR- MAIN- Pg- 6 SODKU-S-SANSAR_Layout 1 4/20/2025 9:32 PM Page 1





# रिहाना की हमशक्ल है छत्तीसगढ़ की ये मॉडल, हेयर स्टाइल तक हूबहू

नई दिल्ली। इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना के दुनियाभर में करोड़ों दीवाने हैं। भारत में भी उनके फैंस की कमी नहीं है। ऐसे में जब लोगों ने भारतीय रिहाना की तस्वीरें देखीं तो सभी शॉक्ड हो गए। दरअसल, देसी रिहाना असली रिहाना से इतनी मिलती-जुलती हैं कि दोनों में फर्क करना बहुत मुश्किल है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बागीचा इलाके में रहने वाली रेने कुजूर उर्फ रेणू पेशे से एक मॉडल हैं।

## देखो-देखो काली परी आई है



अपने बचपन को याद करते हुए रेने बताती हैं कि जब वह पहली बार फैंसी ड्रेस कॉम्पिटीशन में परी बनकर गई थीं तो किस तरह उनका मजाक उड़ाया गया था। उन्हें देखते ही सब कहने लगे थे- देखो-देखो काली परी आई है। इसके बाद रेने रोते-रोते ही स्टेज छोड़कर चली गई थीं। आज रेने कुजूर के वही आंसू उनकी पहचान में बदल गए हैं। आज के समय में रेने को खूबसूरत कहने वालों की लंबी लिस्ट है और वह कहती हैं- कुछ परियां काली भी होती हैं। आज के समय में सोशल मीडिया रेने कुजूर का दीवाना है। उसे लोग इंडियन रिहाना फेंटी कह रहे हैं।



### हमशक्ल मिलना विज्ञान या संयोग?

वैज्ञानिक मानते हैं कि पूरी दुनिया में एक जैसे चेहरे होने की संभावना बहुत कम है, लेकिन फिर भी ऐसे सैकड़ों किस्से सामने आते हैं। जहां दो अजनबी एक-दूसरे की हूबहू कॉपी निकलते हैं। जेनेटिक्स, चेहरे की संरचना और सीमित चेहरे के पैटर्न इसका कारण हो सकते हैं। **बॉलीवुड और राजनीति में भी हैं कई हमशक्ल** : अमिताभ बच्चन, सलमान खान से लेकर पीएम मोदी तक – कई नामचीन हस्तियों के हमशक्लों ने न सिर्फ लोगों का ध्यान खींचा है।

### रिहाना और रेने कुजूर दो देश, एक चेहरा

रेनी कुजूर को सोशल मीडिया और मीडिया प्लेटफॉर्म पर अक्सर 'इंडियन रिहाना' कहा जाता है। इसकी वजह है उनकी शक्ल का अमेरिका की मशहूर सिंगर रिहाना से मेल खाना। लेकिन, सिर्फ शक्ल ही नहीं, रेने खुद एक उभरती हुई भारतीय रैपर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं, जो अपनी दमदार आवाज और यूनिक म्यूजिक स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। रेने की कहानी हमशक्ल होने से आगे बढ़कर प्रेरणा बन चुकी है – कैसे शक्ल मिलना एक अवसर में बदल सकता है, अगर आत्मविश्वास और टैलेंट साथ हो।

## रोचक खबरें



### छिपकली अगर काट ले तो क्या होगा? कितने साल तक ये दीवार से चिपकी रहती हैं?

**नई दिल्ली।** छिपकली को लेकर अक्सर लोगों के मन में डर बना रहता है खासकर इस बात को लेकर कि अगर वह काट ले तो क्या होगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह एक मिथक है कि छिपकली खतरनाक होती है या इंसानों को काटती है। असल में छिपकलियां बेहद शर्मीले स्वभाव की होती हैं और तभी काटती हैं जब उनके पास बचाव का कोई और रास्ता नहीं होता। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छिपकलियों के शरीर में कुछ वायरस हो सकते हैं, लेकिन वे घर में पाए जाने वाले अन्य जीव जंतुओं की तुलना में कम खतरनाक मानी जाती हैं। अगर कभी छिपकली काट भी लेती है तो घाव सामान्य उपचार से ठीक हो सकता है। अगर किसी को काटने के बाद जलन, खुजली या अन्य गंभीर लक्षण महसूस हों तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए। छिपकलियां रोशनी की ओर आकर्षित होती हैं, क्योंकि उन्हें अपने शिकार जैसे मच्छर, कीट और पतंगे को पकड़ने में आसानी होती है। यही वजह है कि वे अधिकतर रात के समय बल्ब या ट्यूबलाइट के आसपास नजर आती हैं। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि छिपकलियां कभी-कभी फूल-पत्तियां भी खा लेती हैं, लेकिन उनका मुख्य आहार कीट पतंगे ही होते हैं।

### 20 साल से लड़की ने नहीं खाईं फल और सब्जियां देखते ही लगती है कांपने, ऐसा क्या हुआ है?




**लंदन।** आपको यह जानकर हैरानी होगी कि ब्रिटेन की 27 साल की क्लो राइसबेक ने पिछले 20 वर्षों से कोई भी फल या सब्जी नहीं खाई। इसका कारण एक बेहद दुर्लभ बीमारी ओरल एलर्जी बताई गई है। इस बीमारी में फल-सब्जियों से एलर्जी इतनी गंभीर होती है कि पीड़ित की जान भी जा सकती है। यही नहीं, इसका मानसिक और सामाजिक प्रभाव भी गहरा होता है। वेस्ट मिडलैंड्स की क्लो जब महज 7 साल की थीं, तब उन्हें इस अलर्जी का पता चला।

# इंसानों की तरह संगीत रचते हैं पक्षी खुद की बनाते हैं अपनी परम्पराएं

लंदन। क्या संगीत केवल इंसान ही रच सकते हैं? क्या किसी और जीव में संगीत की इतनी समझ है जितनी की इंसानों में? इस सवाल का जवाब साइंटिस्ट्स भले ही ना में दें, लेकिन नई रिसर्च में उन्होंने बहुत ही अनोखा नतीजा हासिल किया है। उन्होंने पाया है कि इंसानों की तरह पक्षियों में भी लोकल एक्सेंट होता है और एक- दूसरे से संगीत सीखते भी हैं। यहां तक कि युवा पक्षी भी नई स्टाइल के संगीत निकाला करते हैं।

### इंसानों की तरह ही

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक लाख से पक्षियों का अध्ययन किया



जिसमें उन्होंने पाया कि पक्षी स्थानीय गीतों की संस्कृति होती है जो कि उन पक्षियों की खास होती है जहां वे रहते हैं। इतना ही नहीं, घूमने-फिरने वाले पक्षियों का इसमें योगदान होता है और अजनबियों को अपने समूह में शामिल करने से भी गीत-संगीत का खासा प्रसार होता है जैसा कि इंसानों के साथ भी होता है।

## पक्षियों के अध्ययन में हुआ रोचक खुलासा!



### मरने के बाद खत्म होते हैं पक्षी के संगीत

अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता निलो मेरिनो रेकाल्डे का कहना है कि पक्षी की गतिविधियां और जीवन इतिहास उनके गाए गानों का आकार देता है, इसके साफ प्रमाण मिले हैं। इतना ही नहीं हैं, पक्षियों के जगह छोड़ने और मरने के बाद बहुत सारे गीत उनके साथ गायब भी हो जाते हैं। क्योंकि, पक्षियों के पास परंपरा सहेजने का कोई तरीका नहीं होता है। फिर भी संगीत एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक भी जाता है।





### उम्र के साथ भी होते हैं बदलाव

वहीं, नए पक्षी अपने गीतों में नए बदलाव लाते हैं। इतना ही नहीं, यह बदलाव उम्र के साथ भी होता है और स्थान परिवर्तन से भी होता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पक्षी वैसे तो स्थानीय स्तर का संगीत रचते रहते हैं और अपनी बोली और संगीत परम्पराओं को बनाने का काम भी करते हैं। वहीं, जैसे-जैसे पक्षी किसी समूह से ज्यादा जुड़ते चले जाते हैं, वे और भी संगीत सीखते चले जाते हैं।

# गदा जैसी पूंछ..कांटेदार शरीर..3 पंजे, डायनासोर की वापसी? अब इस जगह मिले पुख्ता सबूत

ओटावा। डायनासोर का इतिहास हमेशा से ही रहस्यों से भरा रहा है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से मिलते इनके अवशेष और निशान वैज्ञानिकों को समय-समय पर हैरान करते रहे हैं। कभी इनके भयानक कंकाल तो कभी उनके पैरों के निशान मिलने के दावे होते हैं। हर खोज हमें करोड़ों साल पुराने जीवन की एक झलक देती है। अब कनाडा से एक और चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है, जहां रहस्यमयी तीन पंजों वाले निशानों ने वैज्ञानिकों को एक नई कवचधारी डायनासोर प्रजाति की पहचान कराने में मदद की है। यह खोज न सिर्फ डायनासोर शोध के लिए अहम है।



### निशान लगभग 10 करोड़ साल पुराने?

रिपोर्ट के मुताबिक ये निशान लगभग 10 करोड़ साल पुराने हैं और डनवेगन व कास्कापाउ संरचनाओं में मिले हैं। ये क्षेत्र उस समय एक दलदली मैदानी इलाका था जहां की मिट्टी इतनी मुलायम थी कि डायनासोर के पंजों के निशान उसमें साफ छप गए। ये सभी निशान टम्बलर रिज यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के भीतर पाए गए हैं, जबकि एक निशान पश्चिमी अल्बर्टा में मिला। इन निशानों की डिजिटली जांच करने पर पता चला कि यह किसी नई प्रजाति के हैं जो पहले कभी नहीं देखी गई थी।

### तीन पंजों वाले पैरों के निशान

दरअसल, साइंस अलर्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज इलाके में वैज्ञानिकों को डायनासोर के रहस्यमय तीन पंजों वाले पैरों के निशान मिले हैं। इन निशानों की जांच के बाद पता चला कि ये निशान एक नई एंकिलोसॉर प्रजाति के हैं। इन्हें रूपोडोसॉरस क्लावा नाम दिया गया है। यह प्रजाति एंकिलोसॉरिड परिवार की है जो अपनी भारी-भरकम शरीर और बख्तरबंद पूंछ के लिए जानी जाती है।





### वैज्ञानिकों को काफी उम्मीदें

रूपोडोसॉरस क्लावा लगभग 5 से 6 मीटर लंबा, कांटेदार, कवच से ढका हुआ और सख्त या गदा जैसी पूंछ वाला डायनासोर रहा होगा। इसके पिछले पंजों में मोटे, तिकोने नाखून जैसे उंगलियों के निशान मिले हैं, जबकि सामने के पंजों में 5 अंगुलियां हैं जो अर्धचंद्राकार हैं। यह खोज उत्तरी अमेरिका में डायनासोर के विकास को समझने में एक बड़ी कड़ी जोड़ती है और यह भी साबित करती है कि कनाडा का यह क्षेत्र अभी भी कई प्राचीन रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है।

### दुनिया का सबसे कड़वा पदार्थ खोज रहे थे साइंटिस्ट, इस मशरूम पर पूरी हुई तलाश!



**न्यूयार्क।** हर तरह के स्वाद की पहचान आसान काम नहीं है। ना ही हर स्वाद में सबसे ज्यादा मात्रा में वाला पदार्थ खोजना भी मुश्किल होता है। मीठे और नमकीन के स्वाद के मामले में दुनिया में कई तरह की खोजें हो चुकी हैं। पर कम लोग जानते हैं कि सबसे कड़वा पदार्थ खोजना बहुत ही मुश्किल है। लेकिन, वैज्ञानिकों ने ऐसा ही दुर्लभ काम किया और दुनिया का सबसे कड़वा पदार्थ खोजने में सफलता हासिल की है। इस पदार्थ का कड़वापन करेले से कई गुना ज्यादा है जो आपके होश उड़ा देगा।

## राशिफल

**मेष** – वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** – माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** – आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** – स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** – वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** – कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** – कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** – कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5843



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः -3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 5842 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| ब | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | ब | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | य | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |

## सूडोकु नवताल - 5853

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5852 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

20- APR- K&C- MAIN- Pg- 7 VAYPAR_Layout 1 4/20/2025 11:16 PM Page 1



# कंपनियों के तिमाही नतीजों, शुल्क और निवेश से तय होगा शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजों, अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर घटनाक्रमों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक बाजार के रुझान, बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निगाह रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह, सभी की निगाहें एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर शुल्क के मोर्चे पर किसी घटनाक्रम और दुनिया पर उसका क्या प्रभाव रहता है, इसपर भी निवेशकों की निगाह रहेगी।'

### एफआईआई ने खरीदे शेयर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि 17 अप्रैल को समाप्त पिछले तीन कारोबारी दिनों के दौरान एफआईआई गतिविधियों में स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है। तीन कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने नकद बाजार में 14,670 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। उन्होंने कहा कि एफआईआई के रुख में यह बदलाव डॉलर इंडेक्स के 100 से नीचे आने और आगे अमेरिकी मुद्रा में और कमजोरी आने की संभावना की वजह से हुआ है।

### बाजार में तेजी की उम्मीद



मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'इस सप्ताह हमें भारतीय बाजार में तेजी जारी रहने की उम्मीद है, जो एफआईआई की खरीदारी में रुचि, घरेलू मुद्रास्फीति में कमी और मौसम विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी जैसे सहायक कारकों से प्रेरित है। इस बीच, यदि अमेरिकी शुल्क के मोर्चे पर तनाव बढ़ता है, तो बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं कंपनियों के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के नतीजों की वजह से बाजार में शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।'

### बढ़त पर बाजार

छुट्टियों की वजह से कम कारोबारी सत्रों वाले बीते सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### एनएसई ने जोड़े 84 लाख नए डीमैट खाते




भारत के पूंजी बाजारों में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी हुई। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 84 लाख से अधिक नए सक्रिय डीमैट खाते जोड़े गए। यह आंकड़ा सालाना आधार पर 20.5 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही एनएसई पर कुल सक्रिय डीमैट खाते बढ़कर 4.92 करोड़ हो गए। इस वृद्धि में सबसे आगे दो डिजिटल ब्रोकरेज कंपनियां- ग्रो और एंजल वन हैं। इनकी कुल शुद्ध वृद्धि में 57 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रही। ग्रो सबसे अधिक योगदानकर्ता बनकर उभरी, जिसने 34 लाख नए खाते जोड़े। इसकी एनएसई की वृद्धि में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रही।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.84 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 3,84,004.73 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में शेयर बाजार में तेजी के बीच एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 3,395.94 अंक या 4.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1,023.1 अंक या 4.48 प्रतिशत के लाभ में रहा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा कि छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजारों में मजबूत सुधार देखा गया और यह 4.5 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। उन्होंने ने कहा कि मुख्य रूप से शुल्क को टाले जाने और चुनिंदा उत्पादों पर हाल ही में दी गई छूट से बाजार में उछाल आया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिक कर रहे काम

# नई सेमीकंडक्टर 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप ईजाद करने सरकार को दिया प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*भारतीय विज्ञान संस्थान के 30 वैज्ञानिकों के एक दल ने सरकार को 'एंग्स्ट्रॉम-स्केल' चिप विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। ये इस समय तैयार हो रहे सबसे छोटे चिप से भी छोटे हैं। इस दल ने सरकार को '2डी मटेरियल' नामक सेमीकंडक्टर सामग्रियों के एक नए वर्ग का इस्तेमाल करके प्रौद्योगिकी विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।*


वैश्विक उत्पादन में सबसे छोटे चिप के 10वें हिस्से जितना छोटा चिप बनाया जा सकता है। इस तरह सेमीकंडक्टर में भारत का नेतृत्व विकसित हो सकता है। इस समय सेमीकंडक्टर विनिर्माण में सिलिकॉन-आधारित प्रौद्योगिकियों का प्रभुत्व है। इसका नेतृत्व अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान जैसे देश कर रहे हैं।

### सौंपी परियोजना रिपोर्ट

एक सूत्र ने बताया, "आईआईएससी के वैज्ञानिकों के एक दल ने अप्रैल, 2022 में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपी, जिसे संशोधित करके अक्टूबर, 2024 में फिर से पेश किया गया। बाद में रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ साझा किया गया।

### 500 करोड़ रुपए देने का अनुरोध

आईआईएससी के नेतृत्व वाले प्रस्ताव में अगली पीढ़ी के सेमीकंडक्टर के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए पांच वर्षों में लगभग 500 करोड़ रुपए की राशि देने का अनुरोध किया गया है।



### सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशों पर निर्भर

भारत इस समय सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए विदेशी कंपनियों पर बहुत अधिक निर्भर है। यह एक ऐसी प्रौद्योगिकी है, जो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों लिहाज से महत्वपूर्ण है। ताइवान के पीएसएमसी के साथ साझेदारी में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स देश की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर परियोजना स्थापित कर रही है। इसमें 91,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध कर्ज 7 फीसदी घटा

LODHA
MACROTECH DEVELOPERS LIMITED

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण जनवरी-मार्च तिमाही में सात प्रतिशत घटकर लगभग 4,000 करोड़ रुपये रह गया है। यह मजबूत आवास बिक्री और ग्राहकों से धन संग्रह के कारण हुआ। लोढ़ा ब्रांड के तहत संपत्तियां बेचने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से है।

### ऋण में 10-15 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म वित्त कंपनी सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क ने चालू वित्त वर्ष में ऋण में 15 प्रतिशत की ऋण वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बेहतर मानसून और ब्याज दरों में कमी की वजह से कंपनी को अपने ऋण में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की उम्मीद है। 'वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक हमारे पास 11,300 करोड़ रुपए की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां थीं। आगामी वर्ष में हम कारोबार के मामले में और बेहतर स्थिति में होंगे।'

## अमेरिका के साथ भारत की व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी आ रही है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच पहली आमने-सामने की तीन दिवसीय वार्ता 23 अप्रैल को वाशिंगटन में शुरू होने वाली है। अमेरिका ने भारत को जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश किसी सहमति पर पहुंच जाएंगे।

दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों को भी अंतिम रूप दिया है। अमेरिका और भारत की कोशिश है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। इसके तहत, दोनों पक्ष सीमित संख्या में वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे बाद के चरणों में अधिक जटिल वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है।

- सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए
- भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है

### व्यापक समझौते पर बातचीत

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 को लागू हुआ था। अब दोनों देश इसके दायरे को बढ़ाकर एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### गोयल की लंदन, ओस्लो ब्रसेल्स की यात्राएं 28 से



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की लंदन, ओस्लो और ब्रसेल्स की संभावित यात्राएं 28 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि इन शहरों की पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देना है।

### एफपीआई ने शेयर बाजार में 8,500 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में करीब 8,500 करोड़ रुपए डाले हैं। इस माह की शुरुआत में एफपीआई ने घरेलू बाजार में बिकवाली की थी। इसके बाद वैश्विक व्यापार मोर्चे पर कुछ राहत की उम्मीद और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, कम कारोबारी सत्रों वाले18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 8,472 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

## जेईई मेन 2025: एलन कोटा का जलवा




**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जारी जेईई मेन 2025 के अप्रैल सत्र के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने एक बार फिर श्रेष्ठता का परचम लहराया है। एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट ओमप्रकाश बेहरा ने 300 में से 300 अंक हासिल करते हुए ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त की है।

एलन के निदेशक डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि इस वर्ष 100 परसेंटाइल स्कोर हासिल करने वाले देशभर के 24 विद्यार्थियों में 11 छात्र एलन से हैं। वहीं राजस्थान से 100 परसेंटाइल स्कोर पाने वाले 7 में से 6 छात्र एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। टॉप रैंक पाने वाले अन्य एलन स्टूडेंट्स में सक्षम जिंदल (एआईआर-10), अर्नव सिंह (एआईआर-11), राजित गुप्ता (एआईआर-16), मोहम्मद अनस (एआईआर-17) और लक्ष्य शर्मा (एआईआर-22) शामिल हैं। एलन की उपलब्धियां यहीं नहीं रुकीं। टॉप-100 रैंक में कुल 31 एलन स्टूडेंट्स ने स्थान पाया है। इसके अलावा, एलन की ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से जुड़े देवदत्ता माझी ने भी ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर संस्थान की श्रेष्ठता को दोहराया है।

**खास बात**

- ओमप्रकाश बेहरा ने 300/300 के परफेक्ट स्कोर के साथ एआईआर-1 हासिल की

* **नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडिया बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में स्वयं सहायता समूहों को लगभग 20,000 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करने का लक्ष्य रखा है।

### बीएचईएल का राजस्व वित्त वर्ष में 19 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान उसका राजस्व 19 प्रतिशत बढ़कर 27,350 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बीते वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपये का अबतक का सबसे अधिक ऑर्डर भी हासिल किया। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपये हो गई। बयान के अनुसार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 27,350 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत अधिक है।

## भारत ने 9 एनईएलपी बोली दौर में 36 अरब डॉलर का निवेश जुटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने 2014 से पहले आयोजित नौ एनईएलपी बोली दौरों से 36 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, और अब तक 177 तेल और गैस खोजें की हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एनईएलपी के तहत, अधिकतम खोज का वादा करने वाले बोलीदाताओं को ब्लॉक प्रदान किए गए, जिससे उन्हें सरकार के साथ लाभ साझा करने से पहले खोजे गए और उत्पादित तेल और गैस से निवेश की वसूली करने की अनुमति मिल सके। साल 2016 में इसे राजस्व-साझाकरण मॉडल द्वारा प्रतिस्थापित किया गया, जहां ब्लॉक उन कंपनियों को दिए जाते हैं जो सरकार को उत्पादन का सबसे अधिक हिस्सा प्रदान करते हैं।

- अधिकतम खोज का वादा करने वाले बोलीदाताओं को ब्लॉक प्रदान किए गए

### रिलायंस का केजी-डी6 ब्लॉक आवंटित

रिलायंस इंडस्ट्रीज और उसकी साझेदार बीपी पीएलसी के पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक, जो देश में उत्पादित सभी प्राकृतिक गैस का एक-तिहाई उत्पादन करता है, के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन के प्रमुख केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 (केजी-डी5) ब्लॉक को एनईएलपी दौर में आवंटित किया गया। भारतीय अपस्ट्रीम क्षेत्र में कारोबारी सुगमता से संबंधित मुद्दों पर मंत्रालय द्वारा गठित संयुक्त कार्यसमूह की अंतरिम रिपोर्ट में कहा गया है कि एनईएलपी ने अन्वेषण के अंतर्गत क्षेत्र को बढ़ाने और भारत के अन्वेषण और उत्पादन क्षेत्र में निजी और विदेशी निवेश आकर्षित करने में मदद की है।


**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, रायगढ़**
**(बिजली बंद की सूचना)**

क्र. का.यं./सं.सं./ संभाग- II/163 रायगढ़ दिनांक:–17.04.2025

रायगढ़ संभाग दो के अंतर्गत समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन यंत्री संचा./संधा. संभाग- दो रायगढ के अंतर्गत 132 के.व्ही. उपकेन्द्र कोडातराई (पुटकापुरी) में आवश्यक सुधार कार्य करने के कारण उपकेन्द्र से निकलने वाली समस्त 33 के.व्ही. लाईन में **दिनांक 21.04.2025 दिन सोमवार को सुबह 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक एवं दिनांक 24.04.2025 दिन गुरूवार को सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक** निम्नलिखित 33 के.व्ही. फीडर कि सप्लाई बंद रहेगी। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद प्रकट करते हुए सहयोग की अपेक्षा है।

| क्र. | उपसंभाग का नाम | प्रभावित 33 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | कोड़ातराई | 33 के.व्ही. पुटकापुरी | ये सभी फीडर से संबंधित उपभोक्तागण प्रभावित रहेगें। |
| 2 | | 33 के.व्ही. कोतरा | |
| 3 | | 33 के.व्ही. बसंतपुर | |
| 4 | | 33 के.व्ही. रैबार | |
| 5 | | 33 के.व्ही. पुसौर | |
| 6 | | 33 के.व्ही. बुनगा | |
| 7 | | 33 के.व्ही. लारा | |

आवश्यकतानुसार विद्युत बंद कि अवधि घटाई या बढ़ाई जा सकती हैं।
टीप:– "विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें"
"विद्युत की चोरी दण्डनीय अपराध है।"
**"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा की बचत करें"**

**कार्यपालन यंत्री (सं./ सं.) संभाग- दो**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. रायगढ़**

**संवाद- 43589**





## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गांव पहुंची बीपी-...

सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों की जांच कर दोनों तरह की समस्याओं से पीड़ित नए लोगों की पहचान की गई है। 40 दिन चलाए गए अभियान के दौरान कुल 6 लाख लोगों की जांच की गई, जिसमें हाई बीपी के मरीजों की संख्या 19840 तथा मधुमेह पीड़ितों की संख्या 15751 रही। कुल 35 हजार 591 पीड़ितों में करीब 15 हजार लोग ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित थे। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी इलाकों भी सामने आए नए मरीजों को पुराने पीड़ितों की तरह दोनों समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए काउंसिलिंग की गई, साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवा भी उपलब्ध कराई गई।

### धान से धन्य...

बात ये है कि किसानों को धान की जितनी कीमत (3100 रुपए प्रति क्विंटल) छत्तीसगढ़ में मिलती है, उतनी शायद देश में कहीं नहीं मिलती है। यही कारण है कि 2024-25 में सरकार ने किसानों से 149 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदने के साथ ही 3100 रुपए समर्थन मूल्य के अंतर की राशि भी दी है। राज्य में वर्ष 2015-16 में धान का उत्पादन 7731.5 हजार मीट्रिक टन था, जो इसके बाद प्रायः हर साल बढ़ा है। 2023-24 में यह आंकड़ा 11040.20 हजार मीट्रिक टन जा पहुंचा है।

### सिंचाई सुविधाओं की...

दलहन और तिलहन की फसलें पानी की कमी के प्रति संवेदनशील होती हैं, जिसके कारण उपज में कमी आई है।

### नए कीट और...

प्रकोप बढ़ा है। उदाहरण के लिए, फली छेदक कीट ने अरहर की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

### लगातार घट रहा...

है। इन सभी फसलों के उत्पादन के आंकड़ों का ग्राफ गिर रहा है। हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर दलहन और तिलहन उत्पादन में 43% और 44% की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ में कई वर्षों में उत्पादन में कमी आई है। यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि दलहन और तिलहन न केवल प्रोटीन और तेल का प्रमुख स्रोत हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### दलहन उत्पादन में...

2.46 लाख मीट्रिक टन तुअर की खरीद की जा चुकी है। यह कदम दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 10 एसपी सहित 20...

राजनांदगांव रेंज पदस्थ किया गया है। बालाजी राव सोमावार पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस मुख्यालय को पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था, विशेष शाखा, पुलिस मुख्यालय पदस्थ किया गया है। ध्रुव गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक, एसआईबी, पुलिस मुख्यालय को पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी पदस्थ करते हुए पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस, एससीआरबी तथा पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवा, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ध्रुव गुप्ता, आईपीएस एससी द्विवेदी का पद भी ग्रहण करेंगे, जो पुलिस महानिरीक्षक, सीआईडी, पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में तैनात हैं। वे 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### फर्जी डॉक्टर नरेंद्र...

तब खुला, जब मध्य प्रदेश के दमोह जिले में इस फर्जी डॉक्टर के इलाज और सर्जरी के कारण लोगों की जान चली गई। ध्यान रहे कि मामले में कांग्रेस ने भी आंदोलन करते हुए कार्रवाई की मांग की थी। दरअसल बिलासपुर से लेकर दमोह और दूसरी जगहों पर इस तरह के आपरेशन और मौतों के बाद बवाल मचा। इसमें बिलासपुर के अपोलो अस्पताल का कनेक्शन भी सामने आया। डॉ. प्रदीप शुक्ल ने मामले में सरकंडा थाने में शिकायत की। शिकायत के बाद पुलिस की जांच में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। आरोपी डॉक्टर के नाम, जन्मतिथि और पिता के नाम तक अलग-अलग पाए गए। जिससे उसकी पहचान संदिग्ध साबित हुई। ध्यान रहे कि इस फर्जी डॉक्टर की गिरफ्तारी पहले ही मध्यप्रदेश के दमोह से हो चुकी है। रिमांड पूरी होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अस्पताल प्रबंधन को भी एफआईआर में आरोपी बनाया है और अब प्रबंधन की भूमिका की जांच शुरू कर दी गई है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या अस्पताल ने नियुक्ति से पहले डॉक्टर की डिग्री और प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया था या नहीं।

**अपोलो ने सिस्टम का मजाक उड़ाया - डॉ प्रदीप -**

फर्जी डाक्टर और अपोलो प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने वाले डॉ. प्रदीप शुक्ला के मुताबिक फर्जी डॉ नरेंद्र को अपोलो अस्पताल में नियुक्ति कैसे दी गई, इस पर सवाल है। प्रदीप शुक्ला के मुताबिक डा. नरेंद्र विक्रमादित्य यादव 2006 में अपोलो अस्पताल में नौकरी कर रहा था। उनके पिता वहीं पर भर्ती थे। फर्जी डॉक्टर ने मेरे पिता के हृदय की सर्जरी का सुझाव दिया और हार्ट सर्जरी कर दी। उसके बाद 20 अगस्त 2006 को उनकी मौत हो गई। उन्हें 18 दिनों तक वेंटिलेटर पर रखा गया। बाद में हमें दूसरे लोगों से पता लगा कि नरेंद्र यादव के पास डॉक्टरी की डिग्री नहीं है। वह एक धोखेबाज है। बाद में उस यहां से हटा दिया गया। इस मामले में डाक्टर के साथ ही अपोलो प्रबंधन भी बराबर का दोषी है। अपोलो अस्पताल प्रबंधन उस समय आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करता व स्वास्थ्य विभाग को जानकारी देता तो कई बेकसूर लोगों की जान बच जाती। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने सिस्टम का मजाक उड़ाया है। उन्होंने मेरे पिता के इलाज के लिए कई लाख रुपए ले लिए। उस समय यहां के मेडिकल एसोसिएशन ने मुझे बताया था कि वह धोखेबाज हैं, लेकिन उनका तबादला कर दिया गया।

**अपोलो ने कहा- 20 साल पुराना दस्तावेज उपलब्ध नहीं-**

यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग टीम का गठन किया है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रमोद तिवारी ने अपोलो अस्पताल को नोटिस भेजकर डा. यादव के वहां रहने के बारे में कई सवाल पूछे हैं। नोटिस के जरिए सीएमएचओ ने यादव का नियुक्ति पत्र, अपोलो अस्पताल में उनकी नियुक्ति की अवधि, उनकी योग्यता, उनके द्वारा की गई सर्जरी की संख्या और सफल मानी गई सर्जरी, उनके खिलाफ प्राप्त शिकायतों की संख्या और अन्य प्रश्न पूछे गए हैं। अस्पताल से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व स्पीकर राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का केस लगभग 20 साल पुराना है, इसलिए उनसे संबंधित दस्तावेजों को ढूंढना चुनौतीपूर्ण काम होगा। सीएमएचओ की ओर से अपोलो अस्पताल को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए एख सप्ताह का समय दिया गया है।

**ढाई महीने में 15 ऑपरेशन, 7 की मौत-**

ज्ञात हो कि दमोह के मिशन अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जोन केम के नाम पर फर्जी डॉक्टर ने ढाई महीने में 15 हार्ट ऑपरेशन कर डाले। आरोप है कि दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुए इन ऑपरेशन में 7 मरीजों की मौत हो गई। इसका खुलासा तब हुआ जब एक मरीज के परिजन ने संदेह होने पर डॉक्टर की शिकायत की। इसके बाद मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया। मामला 4 अप्रैल को सुर्खियों में आया, जब राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। इसमें मिशन अस्पताल में 7 हार्ट पेशेंट्स की मौत और फर्जी डॉक्टर का जिक्र किया।

### अपोलो ने कहा- 20...

यादव का नियुक्ति पत्र, अपोलो अस्पताल में उनकी नियुक्ति की अवधि, उनकी योग्यता, उनके द्वारा की गई सर्जरी की संख्या और सफल मानी गई सर्जरी, उनके खिलाफ प्राप्त शिकायतों की संख्या और अन्य प्रश्न पूछे गए हैं। अस्पताल से कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व स्पीकर राजेंद्र प्रसाद शुक्ल का केस लगभग 20 साल पुराना है, इसलिए उनसे संबंधित दस्तावेजों को ढूंढना चुनौतीपूर्ण काम होगा। सीएमएचओ की ओर से अपोलो अस्पताल को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए एख सप्ताह का समय दिया गया है।

### एंजियोप्लास्टी से लेकर...

अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिवंगत राजेंद्र प्रसाद शुक्ल भी शामिल रहे। इस दौरान अपोलो में हार्ट मरीजों की मौत के आंकड़ों में तेजी से इजाफा हुआ तो आईएमए के तत्कालीन स्टेट चेयरमैन डॉ किरण एस देवरस, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ वाय एस दुबे सहित अन्य डॉक्टरों की टीम बनाई गई। कमेटी ने जांच के दौरान डॉ नरेंद्र से डिग्री मांगी, तब वो कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पूछताछ में डॉक्टर नरेंद्र जॉन ने पहले दार्जिलिंग फिर लंदन से अपनी डिग्री और स्पेशियलिटी होने की जानकारी दी लेकिन वेरिफिकेशन में दोनों जगहों पर उनकी डिग्री से संबंधित प्रमाण नहीं मिले। इसके बावजूद अपोलो प्रबंधन ने इस डाक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की।

### नक्सलियों के गढ़...

से लोगों का गांव तक पहुंचना आसान हो गया है। यहां तक अब सुकमा एवं बीजापुर जिले में नक्सल प्रभावित गांवों से भी यात्री बसों का आवागमन होने लगा है।

### मौसम का मिजाज...

मूसलाधार बारिश की संभावना है। अगले 24 घंटों में पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में गरज चमक के साथ तेज हवा का दौर चल सकता है। मौसम विभाग ने कहा है कि 22 अप्रैल को हवा की गति 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़कर 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। कई इलाकों में बिजली चमकने के साथ भारी बारिश हो सकती है. 22 से 24 अप्रैल के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में भारी बारिश की संभावना है।

**उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में आंधी-तूफान -**

बीते 24 घंटों के दौरान जम्मू कश्मीर से लेकर उत्तर और पूर्वोत्तर भारत के कई इलाकों में जोरदार बारिश दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर आंधी और तूफान के साथ तेज हवाएं चलीं। ओडिशा, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले समय में कई इलाकों में जोरदार बारिश हो सकती है।

**अगले 24 घंटों में कई राज्यों में अलर्ट** -मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड समेत देश के कई हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक यूपी के मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर समेत कई और जिलों में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा मौसम विभाग ने बिहार-झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत पूर्वोत्तर भारत के राज्य खासकर अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में भारी बारिश और धूल भरी आंधी की चेतावनी जारी की है।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769



घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

epaper- www.haribhoomi.com

# हरिभूमि Classified

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- सकरी मेन रोड 100मी अंदर 90×44, 50×40, 40×50 संकरी बायपास प्लॉट 50×40 30×40, 100×40 यदुनंदन नगर प्लाट 100×40, 40×40, 30×40 शुभम विहार मकान TNC, रेरा, 75लाख 3BHK सम्पर्क- 9329840400, 9039840400 (37492)

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित होटल (बिलासपुर रेल्वे स्टेशन के पास) में कार्य हेतु निम्न पदों की आवश्यकता है रिसेप्शन-1, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर (मार्केटिंग)-1, ड्राइवर-1, गार्ड-1, लाउंड्री ब्वाय-1, पार्ट टाइम कस्टमर रिलेसनशीप मार्केटिंग-1 एवं थोक सब्जी मंडी मे बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर-1 की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्प 9893599044 (37493)

आवश्यकता है- पिकअप, छोटा हाथी माल वाहक एवं घर की गाड़ी चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर, साइट चौकीदार एवं घरेलू काम करने हेतु महिला चाहिए। फैमिली को रहने की सुविधा। सम्पर्क करें- 75838 08008 (37496)

आवश्यकता है- चिल्हर दवाई दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- विनीता मेडिकल स्टोर्स सीपत चौक सरकंडा, बिलासपुर 7770838728, 9827974278 (37497)

आवश्यकता है- सर्वमंगला टेन्ट हाउस में कार्य हेतु लड़कों एवं अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कुम्हारपारा रोड राजीव गांधी चौक बिलासपुर 62602 73334, 9826601147 (37495)

आवश्यकता है- हॉस्टल साफ सफाई सुबह 9 से शाम 5 तक काम करने हेतू कर्मचारी चाहिए। सम्पर्क- मित्र विहार कालोनी, स्काई जिम के बगल वाली गली में, लिंक रोड बिलासपुर 9340969592, 7828803577 (37486)

आवश्यकता है- शीघ्र आवश्यकता जो बाहर रहकर कार्य कर सके अंबिकापुर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 93033 74409,8279232601 (0325)

आवश्यकता है-शादी कार्ड शोरूम में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं स्क्रीन प्रिन्टिंग हेतु प्रिन्टर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- उपहार कार्ड्स, भाजपा कार्यालय के आगे करबला रोड बिलासपुर 9981163443, 8120751000 (37482)

आवश्यकता है-फर्नीचर शोरूम में कार्य करने हेतु लेबर चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सुबह 11बजे से शाम 5बजे, टुटेजा फर्नीचर, टेलीफोन एक्सचेंज के बगल में बिलासपुर 98271 50442 (37477)

आवश्यकता है-छड़, सीमेंट दुकान कार्य करने के लिए मेहनती लड़कों वेतन 12000 एवं ट्रैक्टर चलाने हेतु ड्राइवर वेतन 10000 की आवश्यकता है सम्पर्क करें- ममता ट्रेडर्स मोपका बिलासपुर 93003 07926, 9993443207 (37256)

आवश्यकता है-एक अनुभवी कार चालक की आवश्यकता है पता बसंत विहार गेट के पास सीपत रोड बिलासपुर सम्पर्क करें- 9827199008, 98271 80096 (37456)

आवश्यकता है-बिलासपुर में मकानों के निर्माण हेतु आवश्यकता है सिविल कॉन्ट्रेक्टर- 30, टाईल्स-15, प्लंबिंग- 10, इलेक्ट्रीशियन- 10, पेंटर- 15, एल्युमिनियम सेक्शन- 10, वुडनडोर- 10, पीवीसी डोर- 10, एसएस रेलिंग- 5, शटरिंग- 10, स्टील फिटर- 5 (कोटेशन सहित मिलें) अकाउंटेंट- 1, ड्राइवर- 2 पता- अनुमेष कंस्ट्रक्शन मनोहर टाकीज परिसर जूनाबिलासपुर 9229210939 (37451)

आवश्यकता है-कृषि दुकान में सेल्स कार्य हेतु 2 कर्मचारियों की आवश्यकता है बिलासपुर किसान परिवार के कम्प्यूटर जानकार, मोटर साइकल वाले को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक कृषि विजय शनिचरी बाजार बिलासपुर 9981145331 (37472)

आवश्यकता है-(1) कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य हेतु साइट सुपरवाइजर, साइट इंजीनियर (2) रियल एस्टेट टेलीकालिंग, सेल्स अनुभवी एक्जीक्यूटिव युवती की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता सैलरी योग्यता अनुसार। सम्पर्क- 97707 70000, 9827072000 (37450)

आवश्यकता है-टूव्हीलर शोरूम में टूव्हीलर मैकेनिक- 3, पीडीआई मैकेनिक- 1, हेल्पर- 2, वाशिंग ब्वॉय- 2 की आवश्यकता है कार्य समय सुबह 9:30 से शाम 7बजे तक वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क 9644770066 (37473)

आवश्यकता है-मार्केटिंग मैनेजर- 1, फील्ड आफिसर- 10, काउंसलर- 1, टेलीकॉलर- 2 की आवश्यकता है योग्यता - गेजुएट, वेतन 6000 से 20000 सम्पर्क करें- मगरपारा रोड इंदु चौक, बिलासपुर 7489571912, 9329911454 (37476)

आवश्यकता है-रेस्टोरेंट में तन्दूर ब्वॉय, वेटर लड़की, लड़का, किचन हेल्पर चाहिए वेतन योग्यता अनुसार, खाना रहना फ्री फ्रेशर लड़के लड़कियां भी सम्पर्क करें- रेस्टोरेंट मुर्ग मसल्लम मंदिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 7879121999 (37467)

आवश्यकता है-टैली प्राइम जानकार एवं अनुभवी 5 वर्ष के एकाउन्टेन्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रीमियर मिनरल्स व्यापार विहार श्रीराम टॉवर बिलासपुर 9300795080 (37483)

आवश्यकता है-होटल नटराज बिलासपुर में झाड़ू पोछा, कमरे की सफाई, बाथरूम की सफाई कार्य हेतु हाऊस कीपिंग स्टाफ की आवश्यकता है वेतन 7000 से 10000 तक सम्पर्क करें- 8889720720, 99778 61508 (37466)

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में नर्सिंग कार्य हेतु लड़कों की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता गजानन स्मृति हॉस्पिटल बलराम टॉकिज के पास, नेहरू नगर बिलासपुर मिलने का समय 1 से 2 दोपहर (37490)

आवश्यकता है-केयर टेकर (देख रेख करने वाली) बच्चों एवं घर के काम हेतु आवश्यकता है रहना खाना फ्री एवं आकर्षक वेतन, सम्पर्क करें- केरा रोड, जांजगीर 8604370647 (37470)

आवश्यकता है-ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा में रहकर काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे- 63952 68809, 7252820491 (319)

आवश्यकता है-फर्निशिंग दुकान में काम करने हेतु 10 लड़के, 10 लड़कियां चाहिए पता- वीआर फर्निशिंग विशाल मेगा मार्ट केएफसी के बाजू में अशोक नगर चौक के पास, सीपत रोड बिलासपुर 98931 27584 (37458)

आवश्यकता है- प्लाईवुड शोरूम में फील्ड सेल्स कार्य हेतु मार्केटिंग पर्सन- 2, शिक्षित, अनुभवी, लड़के चाहिए वेतन 10000 से 40000+ बोनस+ कमीशन+ पेट्रोल। बाइक अनिवार्य। रिज्यूम 9608777772 पर Whats App करें। अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें- SS Plywood महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9589687772 (37454)

आवश्यकता है-मेडिकल एजेन्सी में आर्डर लेने और वसूली करने के लिए एवं पैकिंग करने के लिए लड़के एवं लड़कियो की आश्यकता है सम्पर्क करें- 9111000629 (37480)

आवश्यकता है- गिरीश ट्रेडर्स दुकान में काम करने के लिए लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है तेलीपारा नरेश बाजार के बगल में संपर्क करे 9300111207 (37420)

आवश्यकता है-बिलासपुर में निम्न पदों के लिए लड़कियों और महिलाओं की आवश्यकता है फील्ड वर्क- 4, कुक- 4, कामवाली बाई- 5 ईमानदार, जिम्मेदार और मेहनती महिलाएं तुरंत सम्पर्क करें- 9244664654, 07752 446646 (37459)

आवश्यकता है-फुटवियर शॉप में काम करने हेतु अनुभवी मैनेजर, सेल्समेन सेल्सगर्ल की सेल्समैन शिप, एकाउंट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क- चरण स्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333 (37463)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड 50 उंचाई 5'-5" योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने कि सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंक सूची बैंक पास बुक 8 पासपोर्ट फोटो कार्या.- शाप नं-8 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर (छ.ग.) 0771-4036689, 97703 04037, 8120957510 (046)

आवश्यकता है-एक अनुभवी हार्डवेयर इंजीनियर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- एपेक्स सिस्टम, मगरमारा रोड बिलासपुर 9826117961 (37465)

आवश्यकता है-प्रचार वाहन टाटा एश एवं कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (कार चलाने वाले को प्राथमिकता) एवं हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9039167202 (37464)

आवश्यकता है-लेथ आपरेटर, शेपर आपरेटर वैल्डर, हैल्पर एवं चौकीदार की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जोत इंजीनियरिंग सेक्टर- ए, जेसीबी के पीछे इंडस्ट्रीयल एरिया सिरगिट्टी बिलासपुर 7828070065 (37468)

आवश्यकता है-कूलिंग साल्यूशन मगरपारा रोड बिलासपुर में एसी रियेयर मिस्त्री, हेल्पर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार काम सीखने वाले लड़के ही संपर्क करें 8817881609, 07752 450511 (37455)

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- (1) रिंग रोड नं-2, महाराणा प्रताप चौक (2) भारतीय नगर चौक बिलासपुर 93299 41444 (37469)

आवश्यकता है-थोक कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़कों व लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्रीसाईं टैक्स, भाजपा कार्यालय के पास, करबला रोड, बिलासपुर 7415105000 (37462)

आवश्यकता है-सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़को स्वयं का बाइक अनिवार्य, समान छोड़ने लाने हेतु, योग्यता 10वीं, 12वी, एंड टैली डेटा एंट्री ऑपरेटर की संपर्क-श्री विनायक सेल्स, अज्ञेय नगर 9893367787 (049)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग, ऑफिस कार्य हेतु लड़कीयों, महिलाओं चाहिए योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 5000+ कमीशन+ वीकली+ बोनस काम सीखने के बाद कमाए 20000 से 30000 सम्पर्क- सरजू बगीचा रोड तेलीपारा, सिंधी कॉलोनी ग्रामीण बैंक के पास बिलासपुर 7974892973, 748982 4791 (37487)

आवश्यकता है-टेलीकॉलिंग ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष की युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है, सैलरी- 5000/- से 20000/- कमाने का अवसर, संपर्क करें:- नूतन चौक सरकंडा बिलासपुर 8305768707, 9131371409 (050)

आवश्यकता है-राय कंस्ट्रक्शन (सिविल वर्क) कार्य करने हेतु साइट सुपरवाइजर एवं साइट इंजीनियर की आवश्यकता है जिसे कार्य का अनुभव हो सम्पर्क- 9827102834, 7999940761 (055)

आवश्यकता है-सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर के लिए मैनेजर- 22000, असिस्टेंट मैनेजर- 21000, अकाउंट क्लर्क/ ऑफिस क्लर्क- 16000 दुर्ग एवं बिलासपुर के लिए जे.सी.ओ. इंचार्ज- 21000, रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग एवं नया रायपुर के लिए स्टोर होल्डर- 18000, बिलिंग क्लर्क/ बिल चेकर/ एमटीएस- 15000, सफाई कर्मी- 10700, आवेदन Email ID hqcosaurc1985@gmail.com पर दिनांक 25 अप्रैल 2025 तक करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipurc.in पर विजिट करें। संपर्क 9685726593 (048)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 35वर्ष, वेतन 5000 +कमीशन +बोनस सम्पर्क करें- साईं मंदिर के पास नेहरू नगर बिलासपुर 7805932585 (045)

आवश्यकता है-रियल एस्टेट कंपनी में कार्य हेतु अनुभवी सेल्स स्टाफ (सैलरी और कमीशन) ड्राइवर, चौकीदार की आवश्यकता हैवेतन योग्यता अनुसार संपर्क-राज किशोर नगर चौक बिलासपुर 8839002378 (052)

आवश्यकता है- नोट बुक फैक्ट्री में कार्य करने हेतु लड़के /लड़कियों की आवश्यकता है (वेतन योग्यतानुसार), सम्पर्क करें:- श्याम इंटरप्राइजेज साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर मो 9074741377 (056)

आवश्यकता है-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है, उम्र 18 से 30 साल तक संपर्क करे- ऑफिस टाइम 10 से 5:30 बाल उद्यान के पास राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9770245205 (051)

आवश्यकता है-चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों और लेबर कार्य हेतु पुरुष एवं ड्राइवर की जरूरत है संपर्क करें- SBI एटीएम के सामने आकृति विहार अम्लीडीह रायपुर 74699 80000, 07714075490 (3450)

आवश्यकता है-जनरल दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को, लड़कियों और अच्छे सेल्समेन की जरूरत है पेमेंट भरपुर दिया जायेगा सम्पर्क करें- सुनील प्लास्टिक तेलीपारा अजीत होटल के सामने बिलासपुर (37292)

आवश्यकता है-रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5, 8, 10 पास हाईट 5'-6" इंच, 4 फोटो आधार कार्ड सहित मिले रहने खाने की सुविधा वेतन 14500 से 19000 सम्पर्क करें 81090 70600 (7086)

## बेचना है

बेचना है- विद्या नगर जैन हॉस्टल के पास 15×75 का पुराना मकान, तखत- 2, आलमारी (लकड़ी) की बेचना है सम्पर्क करें- बिलासपुर 9826956859 (37494)

बेचना है-हर्ष-फिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड- 49, बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 3BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, T&C रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (36177)

बेचना है- 630 और 800 +370 फीट के कॉमर्शियल हॉल, सभी शासकीय अनुमति प्राप्त व्यवसायिक परिसर में चकरभाटा मार्केट से लगा, हाईकोर्ट से वाकिंग डिस्टेंस, बिलासपुर हवाई अड्डा से नजदीक, बहुत वाजिब कीमत में बेचना या किराये से। सम्पर्क- 9826130163, 8770523386 (37460)

बेचना है-पौसरा नगोई 4 एकड़, मोहतराई 8 एकड़ 25 डिस., गतौरी 59 डिस, सेंदरी 69 डिस, 30 डिस, 7 एकड़ 32 डिस, कछार 24 एकड़, निरतु 1 एकड़ 14 डिस., घुटकू 4 एकड़, खमतराई 1 एकड़ 64 डिस, 2 एकड़ 54 डिस, नगोई बिजौर बिलासपुर में 2 एकड़ 50 डिस. का शानदार जमीन बेचना है सम्पर्क 95757 88444 (053)

बेचना है- महामाया रेसीडेन्सी कालोनी कोनी में निर्मित 4BHK भवन शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7049009079 (37485)

बेचना है-नेहरू नगर चटर्जी गली मे मेन रोड से 100मी. अंदर 50×58= 2900 वर्गफिट 25फिट रोड बाउंड्रीवाल से घिरा 10फिट का गेट लगा प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- सचिन पाण्डेय 7987968317 (37475)

बेचना है-25×50= 1250 वर्गफुट डाइवर्टेड प्लॉट प्लीन्थ लेबल पूर्ण, बोर किया हुआ, नक्शा पास डबल रोड में तत्काल बेचना है। पता- गणेश विहार, साईं आनंदम के पास उसलापुर बिलासपुर 93405 82883, 9301227779 (37481)

बेचना है- मस्तुरी से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर पत्थर खदान के लिए उपयुक्त 10 एकड़ का प्लॉट तत्काल बेचना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें - 9300327714 (37433)

बेचना है- ब्रिलियंट स्कूल के पास बहतराई बिलासपुर में सीसी रोड, नाली, बिजली, डायवर्सन, कॉलोनी में प्लॉट एवं मकान उपलब्ध हैं रेल्वे स्टेशन, अपोलो हॉस्पिटल, SECL मुख्यालय मात्र 5 मिनट की दूरी सम्पर्क- 83192 51951, 7828225044 (054)

## किराया

किराया-400 वर्गफुट का हॉल अटैच बाथरूम द्वितीय तल में किराये से देना है। रिंग रोड नं.-2, अपना सुपर बाजार के सामने नर्मदा नगर बिलासपुर में सम्पर्क- 9111938860 रोशन साहू 7470527270 (37474)

किराया- 2 बैडरूम, हॉल, बैठक, 2 लेटबाथ 24घंटे पानी की सर्वसुविधायुक्त मकान महामाया विहार, वेयर हाउस रोड, बिलासपुर में किराये से देना है। शासकीय अधिकारी कर्मचारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 9131281274 (37491)

किराया- SECL मुख्यालय के बाजू से बहतराई रोड में स्थित 14000 वर्गफुट सर्व सुविधा युक्त कमर्शियल बिल्डिंग (G+1) (बेसमेंट, लिफ्ट, पार्किंग) को किराये/ लीज पर देना है। सम्पर्क करें- 9692626326, 94255 32166 (37457)

Medicare Specialists
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586






# रोहित और सूर्यकुमार के अर्धशतक, मुंबई ने चेन्नई को 9 विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (नाबाद 76 रन) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68 रन) के नाबाद अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 गेंद में 114 रन की अटूट साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस इस जीत से आठ अंक लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स को हटाकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि चेन्नई सुपर किंग्स चार अंक से अंतिम स्थान पर बनी रहेगी। रोहित ने 45 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और छह छक्के जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि सूर्यकुमार ने 30 गेंद खेलते हुए छह चौके और पांच छक्के जमाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मुंबई इंडियंस ने रोहित और सूर्यकुमार के तूफान से चेन्नई सुपर किंग्स के 176 रन के लक्ष्य को 15.4 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर हासिल कर लिया।



### जडेजा और दुबे का अर्धशतक बेकार

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स रविंद्र जडेजा (नाबाद 53 रन) और शिवम दुबे (50 रन) के अर्धशतकों की मदद से पांच विकेट 176 रन के स्कोर तक पहुंची। पर शानदार लय में दिख रहे रोहित ने 33 गेंद में दो चौके और चार छक्के लगाकार अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि सूर्यकुमार यादव ने 26 गेंद में छह चौके और दो छक्के से 50 रन पूरे किए और टीम को आसानी से जीत तक पहुंचा दिया। रोहित ने रेयान रिकलटन (24 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 40 गेंद में 63 रन की साझेदारी निभाकर शुरूआत की।

### म्हात्रे का डेब्यू में तूफान

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने धीमी शुरूआत की। पर पदार्पण करने वाले 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे ने 15 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिर दुबे और जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 50 गेंद में 79 रन की अहम साझेदारी बनाई। सातवें ओवर में चौथे नंबर पर भेजे गए जडेजा ने 35 गेंद में चार चौके और दो छक्के से अर्धशतकीय पारी खेली जिससे टीम ने अंतिम पांच ओवर में 58 रन जुटाये। दुबे ने 32 गेंद की पारी के दौरान चार छक्के और दो चौके लगाए।

खास खबर

## ओस्टापेंको और सबालेंका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



**स्टटगार्ट।** जेलेना ओस्टापेंको ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियाटेक पर अपना दबदबा जारी रखकर पोर्श ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओस्टापेंको ने क्ले-कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की और चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियाटेक के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 6-0 तक पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार स्टटगार्ट में अपना पहला मैच खेला और अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराया। सबालेंका को पहले राउंड में बाई और दूसरे राउंड में वॉकओवर मिला था। उनका अगला मुकाबला जैस्मीन पाओलिनी से होगा, जिन्होंने अपने करियर में पहली बार कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

### अब भी पीसीबी से पारिश्रमिक का इंतजार

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने दावा किया है कि वह अब भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से कुछ बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहे हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गिलेस्पी ने एक स्टोरी पोस्ट की जो पाकिस्तान मीडिया के साथ उनके साक्षात्कार से संबंधित थी जिसमें कहा गया था कि पीसीबी को अब भी उनके कुछ पारिश्रमिक को मंजूरी देनी है।

गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीकी गैरी कर्स्टन को अप्रैल 2024 में पीसीबी द्वारा दो साल के अनुबंध पर क्रमशः लाल गेंद और सफेद गेंद क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। पीसीबी ने पाकिस्तान टीम के लिए एक नए



युग का वादा किया था लेकिन छह महीने बाद उन्हें दिए गए अधिकांश अधिकार वापस लेने के बाद दोनों को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह पहली बार है जब दोनों में से किसी ने पीसीबी के साथ वित्तीय मामलों पर सार्वजनिक रूप से बात की है। एक स्टोरी में लिखा था, 'मैं अब भी पीसीबी से बचे पारिश्रमिक का इंतजार कर रहा हूं।'

### ओडिशा में खेलो इंडिया केंद्र का उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खेल और युवा मामलों के मंत्री सूर्यवंशी सूरज ने रविवार को राज्य के सभी 30 जिलों में खेलो इंडिया केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र खेल मंत्रालय और राज्य के खेल और युवा मामले विभाग के बीच सहयोग से स्थापित किए गए हैं। मंत्री ने कहा, ''खेलो इंडिया केंद्र जमीनी स्तर पर खेल बुनियादी ढांचे और प्रतिभाओं को विकसित करने के उद्देश्य से खोले गए हैं।'' उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग देने के अलावा इन केंद्र में फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, एथलेटिक्स, खो-खो और कबड्डी जैसे खेलों के खिलाड़ियों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन केंद्रों के उचित प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रति केंद्र पांच लाख रुपये का वार्षिक अनुदान भी दिया जाएगा। सूरज ने कहा कि इनमें स्थानीय क्षेत्र के पूर्व चैंपियनों को कोच के रूप में भर्ती किया जाएगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 7 | 5 | 2 | 10 |
| दिल्ली | 7 | 5 | 2 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 5 | 3 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 8 | 2 | 6 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : कोहली 73 रन पर नाबाद

# 'फिरकी' और तूफानी बल्लेबाजी से हारे किंग्स, घर से बाहर बेंगलुरु की 5वीं जीत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को फिरकी गेंदबाजी में फंसाकर सात विकेट से हरा दिया। यह बेंगलुरु की घर से बाहर पांचवीं जीत है। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की तूफानी साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीम में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं।

बेंगलुरु से विराट कोहली ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने 61 रन बनाए। कोहली आईपीएल में सबसे ज्यादा 67 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बने। उन्होंने डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। बेंगलुरु ने 19वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया। क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। पंजाब से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार और युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला।



### पडिक्कल 61 रन पर आउट

आरसीबी ने 13वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। हरप्रीत बरार ने ओवर की तीसरी बॉल गुड लेंथ पर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल ने आगे निकलकर बड़ा शॉट खेला, लेकिन लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। पडिक्कल ने 61 रन बनाए, उन्होंने विराट कोहली के साथ 103 रन की पार्टनरशिप भी की।

### हिसाब किया बराबर

आरसीबी ने पंजाब से अपना हिसाब बराबर कर लिया। पंजाब ने एक दिन पहले आरसीबी को उसके ही घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मात दी थी। अब आरसीबी ने पंजाब को उसके घर में मात दी है। ये आरसीबी की इस सीजन घर से बाहर लगाकार पांचवीं जीत है।

### फिरकी में फंसे पंजाबी

पंजाब किंग्स ने छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल पंड्या और लेग स्पिनर सुयश शर्मा की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का डेविड बो कृणाल | 22 | 15 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरनका डेविड बो कृणाल | 33 | 17 | 5 | 1 |
| अय्यर का कृणाल बो शेफर्ड | 06 | 10 | 1 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो सुयश | 29 | 17 | 2 | 1 |
| निहाल वढेरा रन आउट | 05 | 06 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 31 | 33 | 1 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस बो सुयश | 01 | 02 | 0 | 0 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 25 | 20 | 0 | 2 |

**अतिरिक्त :** 05, कुल : 20 ओवर में 157/6
**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-26-0, दयाल 2-0-22-0, हेजलवुड 4-0-39-0, कृणाल 4-0-25-2, शेफर्ड 2-0-18-1, सुयश 4-0-26-2.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 73 | 54 | 7 | 1 |
| सॉल्ट का इंग्लिस बो अर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पडिक्कल का वढेरा बो हरप्रीत | 61 | 35 | 5 | 4 |
| पाटीदार का यानसेन बो चहल | 12 | 13 | 1 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 11 | 08 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 18.5 ओवर में 159/3
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-26-1, बार्टलेट 3-0-28-0, हरप्रीत 4-0-27-1, यानसेन 3-0-20-0, चहल 4-0-36-1, स्टोइनिस 1-0-13-0, वढेरा 0.5-0-9-0.

### खबर संक्षेप

#### करीबी हार को पचाना मुश्किल : बहुतुले



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दो करीबी मैच हारना टीम के लिए मुश्किल भरा रहा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम में किसी तरह की घबराहट की कोई भावना नहीं है। रॉयल्स की टीम शनिवार रात लखनऊ सुपर जाइंट्स से दो रन से हार गई, जबकि उसने अपना पिछला मैच भी दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर में गंवा दिया था। आठ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, राजस्थान अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।


#### लोकपाल के आदेश के खिलाफ अदालत जाऊंगा

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के हैदराबाद क्रिकेट संघ के लोकपाल के आदेश पर रोक लगाने के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं।



#### एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दमदार आगाज

**अम्मान।** भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कुबनिचबेक बोलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है।



निशानेबाजी विश्व कप

## बाबुता 0.1 अंक से स्वर्ण से चूके, तीसरे स्थान पर भारत



एजेंसी ▶▶| लीमा

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं।

पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे।

भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

### संधू और प्रगति की शानदार शुरुआत

पुरुष ट्रैप में अनुभवी जोरावर संधू और महिलाओं की स्पर्धा में प्रगति दुबे ने 25-25 के पहले राउंड में शानदार शुरुआत की। जोरावर तीन राउंड के बाद 70 के स्कोर के साथ 21वें स्थान पर जबकि उनकी टीम के साथी पृथ्वीराज टोंडिमन और लक्ष्य श्योराण 69 के स्कोर के साथ क्रमशः 24वें और 25वें स्थान पर हैं। महिलाओं में राष्ट्रीय चैंपियन भव्या त्रिपाठी 69 (24,22,23) अंकों के साथ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान जबकि प्रगति 68 अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी नीरू 18वें स्थान पर हैं।

## वैभव सूर्यवंशी : 10 साल की उम्र में हर दिन खेला 600 गेंद, 150 किमी थ्रोडाउन कर चमका बिहार का हीरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चौदह साल की उम्र में आईपीएल में शनिवार को पदार्पण करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने शार्दुल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर दुनिया को चौंका दिया। ऐसी प्रतिभा रातों-रात नहीं बनीं, इस अविश्वसनीय कहानी की नींव तब पड़ी जब उनके पिता संजीव सूर्यवंशी ने अपने बेटे के क्रिकेट सपनों को पूरा करने के लिए अपनी खेती की जमीन बेच दी। इसे आगे बढ़ाते हुए पटना के क्रिकेट कोच मनीष ओझा ने इस विशेष प्रतिभा को पहचाना और सुनिश्चित किया कि 10 साल के वैभव को हर दिन कम से कम 600 गेंदों का सामना करने का मौका मिले ताकि जब भी मौका मिले, वह बड़ी चुनौती के लिए तैयार रहे। फिर बिहार क्रिकेट संघ ने वैभव का समर्थन किया और उसे रणजी ट्रॉफी में जगह दिलाई। तिलक नायडू की अध्यक्षता में अंडर-19 राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने उसे 'कोल्ट टेस्ट क्रिकेट' में पहुंचाया। और अंत में राजस्थान रॉयल्स के राहुल द्रविड़ और जुबिन भरुचा ने आईपीएल की शुरुआत से पहले उसे 150 से अधिक की गति से साइड-आर्म थ्रोडाउन का सामना करवाकर इस अनगढ़े हीरे को चमकाने में अपना योगदान दिया।



**8 वर्ष की उम्र में पहचानी काबलियत:** ओझा ने अपने शिष्य के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब वह आठ साल का था तब उसके पिता संजीव उसे मेरे पास लाए थे। हर बच्चा अलग होता है लेकिन अगर मैं उस उम्र के दूसरे लड़कों को देखता हूं तो उसे जो भी सिखाया जाता तो उसमें कार्यान्वित करने की समझ थी। उसका तरीका, बैक-लिफ्ट, कार्यान्वयन, इरादा, सभी हमेशा तालमेल में रहते थे।'

### चर्चा में 14 वर्षीय वैभव

*जब आम 14 वर्षीय बच्चे प्लेस्टेशन खेलने और 'होमवर्क' करने में व्यस्त होते हैं, तब बिहार के समस्तीपुर के इस किशोर ने शार्दुल ठाकुर जैसे कई टेस्ट खेलने वाले अनुभवी खिलाड़ी की गेंद को सवाई मान सिंह स्टेडियम के स्टैंड में पहुंचा दिया जिससे हजारों लोग हैरान रह गए। आईपीएल की दुनिया में 20 गेंद पर 34 रन बनाना आम बात है, लेकिन अगर बल्लेबाज अभी किशोरावस्था में है तो प्रशंसक राजस्थान रॉयल्स के 1.10 करोड़ रुपये के खिलाड़ी के बारे में अधिक जानना चाहेंगे।*

### बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग से ठोके तीन सिक्स

14 वर्षीय खिलाड़ी अपने स्ट्रोक्स में इतनी ताकत कैसे पैदा कर सकता है कि उसने शीर्ष स्तर के आक्रमण का सामना करते हुए एक बार नहीं बल्कि तीन बार गेंद को स्टैंड में भेजा? कोच ने कहा, 'आप लोगों ने उसके शॉट में ताकत देखी। बल्ले की स्विंग और सही टाइमिंग देखी। अगर छक्का मारने के लिए ताकत ही एकमात्र मानदंड होता तो पहलवान क्रिकेट खेलते। यह पांच साल की ट्रेनिंग है जिसमें हर दिन 600 सौ गेंदें खेली जाती हैं। अकादमियों में अन्य लड़के शायद एक दिन में 50 गेंदें खेलते हैं। मैंने वैभव के ट्रेनिंग सत्रों के लगभग 40 वीडियो यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। आप देखेंगे कि उसका बल्ले का स्विंग युवराज सिंह जैसा है।

## यॉर्कर मेरी सर्वश्रेष्ठ गेंद फेंकना जारी रखूंगा



**जयपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स की इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स पर दो रन की रोमांचक जीत में डेथ ओवरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि वह यॉर्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः पांच और छह रन दिए, जिससे लखनऊ शनिवार रात को खेले गए मैच में आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव करने में सफल रहा।

## सात खिलाड़ियों पर भी गिरी राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की गाज

# एथलेटिक्स कोच रमेश डोपिंग मामले में निलंबित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने जूनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के लिए निलंबित कर दिया है, जबकि सात एथलीट भी परीक्षणों से बचने के कारण निलंबित कर दिए गए हैं।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए यह करारा झटका है क्योंकि इसके अलावा दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग से जुड़े मामलों में निलंबित कर दिया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने डोपिंग से जुड़े मामलों की जो नवीनतम सूची जारी की है उसमें



सात एथलीट पारस सिंघल, पूजा रानी, नालुबोथु शनमुगा श्रीनिवास, चेलिमी प्रतुशा, शुभम महरा, किरण और ज्योति भी शामिल हैं। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। 19 वर्षीय सिंघल ने 2024 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हरियाणा के लिए लड़कों की 2,000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक जीता था। श्रीनिवास ने 2024 में फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप तीनों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। नागपुरी हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में कार्यरत थे। राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ ने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त नागपुरी को 2023 में जूनियर मुख्य कोच नियुक्त किया था। उन्हें 2021 के नाडा डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत निलंबित कर दिया गया है, जो किसी खिलाड़ी या अन्य व्यक्ति द्वारा मिलीभगत या मिलीभगत का प्रयास करने से संबंधित है।

### नागपुरी ने डोप टेस्ट से बचने में की मदद

सूत्रों के अनुसार, नागपुरी ने कथित तौर पर दो एथलीटों को साइ के हैदराबाद केंद्र में नाडा के डोप संग्रह अधिकारियों से परीक्षण से बचने में मदद की थी। उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक दुती चंद के अलावा 2024 पैरालिंपिक कांस्य विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन (400 मीटर) दीप्ति जीवनजी को प्रशिक्षित किया है। संपर्क करने पर नागपुरी ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एएफआई अधिकारियों ने भी यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि यह नाडा से जुड़ा मामला है और उसे ही इससे निपटना है। यह पहली बार नहीं है कि किसी एथलेटिक्स कोच को डोपिंग से संबंधित अपराधों के लिए दंडित किया गया है।

20- APR- COR- MAIN- Pg- 10 VIVIDHA_Layout 1 4/20/2025 10:17 PM Page 1



**खबर संक्षेप**

## तुम्हें भी काटकर नीले ड्रम में भर दूंगी...



**वाराणसी।** वाराणसी रेलवे में सीनियर असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर कार्यरत सुमित कुमार ने अपनी पत्नी और साले पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुमित का कहना है कि उनकी पत्नी और उसका भाई उन्हें जान से मारने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि दोनों ने उन्हें मेरठ हत्याकांड जैसा अंजाम देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि उसका भी वही हश्र होगा जो मेरठ में पति की हत्या के मामले में हुआ था। काटकर नीले ड्रम में भर दूंगी। लोको पायलट ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी उसकी नौकरी के पीछे पड़ी हुई है और इसी वजह से उसे जान से मारना चाहती है, उसने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि उसके उसके साले ने भी उसके साथ मारपीट की है।

### 50 राज्यों में प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों ने घेरा अमेरिकी राष्ट्रपति हाउस

# ट्रंप के खिलाफ फिर से भड़की जनता राष्ट्रपति आवास को घेरा, सड़क पर उतरे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

*अमेरिका की सड़कों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। अमेरिका के लोगों में राष्ट्रपति ट्रंप को लेकर भारी नाराजगी है। राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।*

अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ट्रंप सरकार की नीतियों के खिलाफ लोग ये विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हजारों प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर रैली निकाली। इससे दो हफ्ते पहले भी अमेरिका के अलग-अलग शहरों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। भारी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में भी शामिल हुए थे। हालांकि अमेरिकी मीडिया का कहना है कि वाशिंगटन और शिकागो जैसी कुछ जगहों पर 5 अप्रैल को हुए विरोध प्रदर्शनों की तुलना में कम लोग दिखे। शनिवार को प्रदर्शन करने वाले लोगों की संख्या हजारों में थी, लेकिन इससे पहले जब 5 अप्रैल को प्रोट्ट हुआ था, तो लगभग 10 हजार लोग इसमें शामिल हुए थे।




### शपथ के बाद चार बार बड़े प्रदर्शन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को शपथग्रहण किया। हालांकि, उसके बाद से अबतक ट्रंप सरकार की नीतियों के खिलाफ 4 बार बड़े स्तर पर प्रदर्शन हो चुका है। अमेरिकी नागरिक का मानना है कि ट्रंप एक तानाशाह की तरह बर्ताव कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति ट्रंप की तुलना हिटलर से

लोगों में इतना गुस्सा है कि अमेरिका के नागरिकों ने राष्ट्रपति ट्रंप की तुलना जर्मनी के तानाशाह हिटलर से कर दी। टैरिफ, अप्रवासी, एलजीबीटीक्यू समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर अमेरिका के लोग ये प्रदर्शन कर रहे हैं।

### ट्रंप के कामकाज से 45 फीसदी लोग खुश


अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45 फीसदी अमेरिकी मतदाता ट्रंप के 3 महीने के कामकाज से खुश हैं। वहीं इससे पहले के ट्रंप के कार्यकाल में 41 फीसदी मतदाता खुश थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपति के मुकाबले बेहद कम है। साल 1952 से 2020 के बीच सभी राष्ट्रपति की पहली तिमाही की औसत रेटिंग 60 फीसदी है। इसकी तुलना में ट्रंप की रेटिंग कम दिख रही है। एजेंसी के मुताबिक ट्रंप के पदभार संभालने के वक्त उनकी रेटिंग 47 फीसदी थी। इसमें भी गिरावट आई है।

### ट्रक में 23 भैंसों को ठूंसकर ले जाने के आरोपी पर मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक ट्रक में अमानवीय और अवैध तरीके से कई भैंसों को ले जाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गश्ती दल ने 17 अप्रैल की रात को कुकसे गांव में वाहन को रोका और पाया कि उसमें 23 भैंसों को ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा, जानवरों को रस्सियों से कसकर बांधा गया था और उन्हें बुनियादी सुरक्षा या स्वास्थ्य देखभाल के प्रावधानों के बिना ले जाया जा रहा था। यह उपेक्षा और क्रूरता का स्पष्ट मामला है। वाहन चला रहा व्यक्ति भैंसों के परिवहन के लिए वैध दस्तावेज पेश करने में विफल रहा।









**फर्जी दस्तावेज से लिए 4.75 लाख, 3 चिकित्सकों पर केस**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक अस्पताल में दस्तावेज़ों और मरीजों के रिकॉर्ड में हेराफेरी कर मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 4.75 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में तीन चिकित्सकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।






# पत्नी लापता, पति ने कराई रिपोर्ट प्रेमी संग ताजमहल में देख हैरान

एजेंसी ▶▶| अलीगढ़

अलीगढ़ में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के लापता होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वह महिला सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में किसी अन्य पुरुष के साथ ताजमहल में घूमती हुई पाई गई। इस घटना ने न केवल शिकायतकर्ता पति को बल्कि पुलिस को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। अलीगढ़ के रहने वाले शाकिर नामक व्यक्ति ने रोरावर पुलिस स्टेशन में अपनी पत्नी अंजुम के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शाकिर ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी अंजुम 15 अप्रैल से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है। रोरावर थाने के प्रभारी ने इस बात की पुष्टि की कि शाकिर ने 18 अप्रैल को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में शाकिर ने बताया कि वह एक पारिवारिक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गया था। जब वह 15 अप्रैल को वापस घर लौटा, तो उसने पाया कि घर बंद था और उसकी पत्नी अंजुम अपने चार बच्चों के साथ गायब थी।



**महिला सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में खुला राज**





550+ CITIES 950+ OUTLETS | Instant Cashback up to ₹10 000* | HDFC BANK | TVS CREDIT | Search for TVS iQube

**Raipur:** Avvni TVS phn: 7471144490, Hira TVS phn: 9039740101, Sai TVS phn: 6262688881, Bharat TVS phn: 9522000531; **Bilaspur:** Chandra TVS phn: 8982438070; **Bhilai:** Ishan TVS phn: 887121212, Sachdev TVS phn: 9111222659, Ralas TVS phn: 9171759000; **Durg:** SSD TVS Durg, phn: 7692927957; **Ambikapur:** Shri Mahamaya TVS phn: 7000845806, Shri Ram TVS phn: 8517092000; **Jagdalpur:** Mahavir TVS phn: 9009110222 ; **Dhamtari:** Scooter House TVS phn: 9827196521; **Kawardha:** Shree Gurunanak TVS phn: 9993309707; **Kanker:** Aayesha TVS phn: 7000733800; **Bemetra:** Shri Arihant phn: 7000629201; **Raigarh:** Aparajita TVS phn: 7581809100, Hanuman TVS phn: 7869728820; **Rajnandgaon:** Shri Shahjanand TVS phn: 9201822803, LCK TVS phn: 8770681011; **Baloda Bazar:** Kanika TVS phn:6265917496; **Mahasamund:** Ajay TVS phn: 9179917004; **Baikunthpur:** Agrawal TVS phn: 7000948514; **Korba:** Tulsi TVS phn: 8109980007; Shreeram TVS phn: 7898982378; **Champa:** Nandika TVS phn: 9201591181; **Janjgir:** Aparajita TVS phn: 7693923425.
dentsu/hb cg/05/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com